संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

15 सितंबर 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 349

Email-santalexpress20@gmail.com

# संताल एक्सप्रेस

सत्य को पाने के लिए किसी गुरु की नहीं, बल्कि जागरूकता की जरूरत होती है।

# अब आसान हिंदी में समझ सकेंगे अहम फैसले : सुप्रीम कोर्ट

## ऑडियो-वीडियो बुलेटिन भी होंगे जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** हिंदी दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक जानकारी को आम लोगों तक आसान भाषा में पहुंचाने के लिए 'जन सूचना सेवा' शुरू करने की घोषणा की है। इस सेवा के तहत सुप्रीम कोर्ट के चुनिंदा महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों का सरल हिंदी में सार उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके साथ ही रोजाना करीब 15 से 30 मिनट के हिंदी ऑडियो और वीडियो बुलेटिन भी जारी किए जाएंगे। इनमें महत्वपूर्ण फैसलों, उनके प्रभाव और आगे की कार्रवाई की जानकारी आसान भाषा में दी जाएगी। संबंधित फैसले या आदेश



का आधिकारिक लिंक भी उपलब्ध कराया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य न्याय तक पहुंच को ज्यादा समावेशी बनाना है। खास तौर पर आम नागरिकों, वादकारियों और दिव्यांगजनों को इससे फायदा होगा, क्योंकि लंबे और जटिल कानूनी दस्तावेजों को समझना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। ऑडियो और वीडियो माध्यम से लोग महत्वपूर्ण न्यायिक फैसलों की जानकारी अपनी सुविधानुसार हासिल कर सकेंगे। यह सेवा शुरुआत में हिंदी में उपलब्ध होगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य भारतीय भाषाओं में भी इसे शुरू करने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट पहले से ही भारतीय भाषाओं में फैसलों के अनुवाद के लिए 'सुवास' नाम के एआई आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा है। करीब 30 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद भी किया जा चुका है।

# जेएसएससी-सीजीएल और जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल और जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच कर रही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) को बड़ी सफलता मिली है।

सीआईडी ने दोनों अलग-अलग परीक्षा मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जेएसएससी - सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित सीआईडी थाना कांड संख्या 01/2025 में आरोपित दिलीप कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया है। करीब 41 वर्षीय दिलीप कुमार पासवान पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्द्धमान जिले के रहने वाले हैं। सीआईडी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार आरोपित ने जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा में कई अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

वहीं, जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े सीआईडी थाना कांड संख्या 16/2026 में आरोपित संजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। 38 वर्षीय संजीत कुमार रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रांची रोड इलाके का रहने वाला बताया गया है। सीआईडी के अनुसार, संजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जांच में उसके कोचिंग संस्थान के संचालक होने और एजेंट के रूप में काम करने की बात सामने आई है। सीआईडी दोनों मामलों में परीक्षा में गड़बड़ी और अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

## अभय तिवारी की पत्नी-भाई की बेल पर केस डायरी कोर्ट में पेश, सीआईडी के वकील ने मांगा समय

**रांची ।** जेएसएससी-सीजीएल भर्ती फर्जीवाड़ा से जुड़े मामले में आरोपी अभय तिवारी की पत्नी सुषमा कुमारी और भाई अक्षय तिवारी की जमानत याचिका पर अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई।मामले में सीआईडी ने कोर्ट में केस डायरी प्रस्तुत किया। साथ ही सीआईडी के लोक अभियोजक ने केस डायरी का अध्ययन करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। जिसके बाद अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि मंगलवार यानी 15 सितंबर को निर्धारित कर दी।बता दें कि सुषमा कुमारी और अक्षय तिवारी ने 28 अगस्त को याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है।सीआईडी ने 18 अगस्त को दोनों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी।अभय तिवारी गोड्डा जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग में पदस्थापित था। वह झारखंड में जेपीएससी द्वारा परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी टीडीपीएल का मार्केटिंग मैनेजर भी था। टीडीपीएल में रहते हुए अभय तिवारी जेपीएससी और जेएसएससी की कई परीक्षाएं पास कर चुका है। अभय तिवारी ने अपनी पत्नी और भाई समेत कई परिजनों को फर्जीवाड़ा कर नियुक्ति कराई है।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमंत सोरेन मां के इलाज के बाद हैदराबाद से रांची लौटे

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को हैदराबाद से रांची लौट आए।वह सेवा विमान से रांची पहुंचे।मुख्यमंत्री करीब छह दिन पहले अपनी मां रूपी सोरेन के इलाज के लिए हैदराबाद गए थे।मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, बहन अंजली सोरेन समेत करीब 10 लोग हैदराबाद गए थे। वहां उन्होंने मां के इलाज के दौरान उनके साथ समय बिताया। इलाज पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री अब रांची लौट आए हैं।

### ममता बनर्जी बंगाल में उपचुनाव नहीं लड़ेंगी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेंगी। नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव होगा। नंदीग्राम से संचिता प्रधान (डे) और रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया गया है। नंदीग्राम सीट पर उपचुनाव मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के इसे खाली करने के बाद हो रहे हैं।

### राजस्थान निकाय चुनाव
### चार पर भाजपा, एक में कांग्रेस व पांच निर्दलीय जीते

**जयपुर ।** राजस्थान के 10 नगर निगमों के चुनाव नतीजों ने मेयर की कुर्सी का पूरा सियासी गणित बदल दिया है। चार निगमों में भाजपा स्पष्ट बढ़त के साथ बोर्ड बनाने की स्थिति में है, जबकि बीकानेर में कांग्रेस ने बहुमत हासिल कर लिया है। बाकी पांच निगमों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है और यहां निर्दलीय पार्षद सत्ता की चाबी लेकर बैठे हैं। जयपुर, कोटा, उदयपुर और भीलवाड़ा में भाजपा का बोर्ड बनना लगभग तय माना जा रहा है। वहीं बीकानेर में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

### बंगाल : पुलिस टीम पर बम से हमला, एएसआई घायल

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के सलार थाना क्षेत्र में जुए के अड्डे पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर बम से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। रविवार रात खाड़ेरा गांव में हुई इस घटना में सलार थाने के एएसआई सादेक अली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल बहरमपुर स्थित मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और सोमवार सुबह भी गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### अगस्त में थोक महंगाई 9.92 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली ।** देश में थोक महंगाई अगस्त में लगातार बढ़त के साथ 9.92 प्रतिशत पर पहुंच गई है। खाने-पीने की चीजों, मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों और ईंधन व बिजली की कीमतों में तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जुलाई के 9.78 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त में 9.92 प्रतिशत हो गई।

# करोड़ों की कमाई, फिर भी दुमका स्टेशन बदहाल, बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे यात्री



**एस. के.झा. 'सुमन'**

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका का रेलवे स्टेशन रेलवे को हर दिन करोड़ों रुपये का राजस्व दे रहा है, लेकिन इसके बदले यात्रियों को अब भी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार दुमका स्टेशन से कोयला, फर्टिलाइजर और चावल जैसी माल ढुलाई से प्रतिदिन करीब 1.5 करोड़ रुपये की आमदनी होती है। वहीं यात्री भाड़े से लगभग दो लाख रुपये प्रतिदिन राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद स्टेशन के विस्तार और यात्री सुविधाओं के विकास की रफ्तार बेहद धीमी है।

---------------------

दुमका स्टेशन आसनसोल मंडल के अंतर्गत आता है और वर्ष 2015 में यहां रेल सेवा शुरू हुई थी। बताया जाता है कि वर्तमान में राजस्व के लिहाज से यह स्टेशन आसनसोल मंडल के प्रमुख स्टेशनों में शामिल है। इसके बावजूद दुमका से एक भी लंबी दूरी की ट्रेन का सीधा संचालन नहीं होता। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों के अलावा तिरुपति, वैष्णो देवी, अजमेर शरीफ और रामेश्वरम जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के लिए भी सीधी ट्रेन नहीं है।

---------------------

**करोड़ों का राजस्व फिर भी 'डी' ग्रेड**

सबसे बड़ा सवाल स्टेशन के ग्रेड को लेकर भी उठ रहा है। रेलवे कर्मियों के अनुसार दुमका स्टेशन अभी %डी% ग्रेड में है। उनका कहना है कि इसी वजह से स्टेशन के विकास मद में अपेक्षाकृत कम राशि का आवंटन होता है। करोड़ों रुपये का राजस्व देने वाले स्टेशन को उच्च श्रेणी में शामिल कर सुविधाओं का विस्तार करने की मांग लंबे समय से उठती रही है।

---------------------

**हैंडओवर के फेर में बंद वेटिंग रूम, बुनियादी सुविधाओं को तरसते रेल यात्री**

स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन के दोनों छोर पर फुट ओवरब्रिज होना आवश्यक है, किंतु वर्तमान में यहाँ केवल एक ही तरफ फुट ओवरब्रिज की सुविधा उपलब्ध है। स्वचालित सीढ़ी भी उपलब्ध नहीं है। शौचालय और पेशाबघर की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। जो व्यवस्था मौजूद है, उसकी स्थिति जर्जर है। यात्रियों के लिए छोटा-सा वेटिंग रूम है, लेकिन उसकी साफ-सफाई को लेकर भी शिकायतें सामने आती रहती हैं।

फर्स्ट क्लास वेटिंग रूम बनकर तैयार होने के बावजूद अभी तक स्टेशन प्रबंधन को नहीं सौंपे जाने की बात सामने आई है। इससे रात में स्टेशन पर रुकने वाले और अहले सुबह ट्रेन पकड़ने पहुंचने वाले यात्रियों को परेशानी होती है।

**करोड़ों का राजस्व देने वाले स्टेशन पर सुरक्षा राम भरोसे**

रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे यात्रियों ने 'संताल एक्सप्रेस' को बताया कि देर रात स्टेशन पर उतरने या ट्रेन का इंतजार करने के दौरान सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। यात्रियों ने रात के समय स्टेशन परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की मांग की है। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये का राजस्व देने वाले स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा के स्तर में भी उसी अनुपात में सुधार होना चाहिए।

---------------------

**इमरजेंसी में एंबुलेंस नदारद, फर्स्ट ऐड बॉक्स के भरोसे मरीज**

रेलवे स्टेशन पर मेडिकल सुविधाओं की घोर कमी से आपात स्थिति में यात्रियों की जान दांव पर है। घायलों का प्राथमिक उपचार सिर्फ एक 'दवाओं के बक्से' के भरोसे चल रहा है। स्टेशन पर काम करने वाले लोगों का आरोप है कि आपातकाल में 108 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह फेल है। कॉल करने पर चालक बहानेबाजी करते हैं और कभी समय पर नहीं पहुंचते। व्यवस्था की इस नाकामी का सीधा खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें मजबूरन अपने निजी खर्च पर घायलों को अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन परिसर में 24 घंटे के लिए एक स्थायी एंबुलेंस तैनात की जाए। ताकि ट्रेन में बीमार या हादसे का शिकार हुए यात्रियों को बिना देरी के अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई जा सके।

# प्रिंस खान का भाई बंटी खान गिरफ्तार

## बंटी खान से पुलिस के सामने ही स्थानीय लोगों ने की मारपीट



**संवाददाता**

**धनबाद ।** धनबाद पुलिस ने वासेपुर के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी खान को पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कोलकाता से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बंटी खान फर्जी दस्तावेजों के सहारे दुबई भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद धनबाद लाए जाने पर पुलिस ने उसका सड़क पर परेड कराया। इस दौरान वासेपुर में कुछ लोगों ने उस पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे सुरक्षित वहां से निकाल लिया।

पुलिस के अनुसार, बंटी खान के खिलाफ हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और आपराधिक साजिश समेत एक दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। गुप्त सूचना मिली थी कि वह कोलकाता में छिपा हुआ है और अंतरराष्ट्रीय उड़ान के जरिए दुबई भागने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद धनबाद पुलिस की विशेष टीम कोलकाता भेजी गई। पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में उसके पास से वैध पासपोर्ट के अलावा फर्जी पासपोर्ट और वीजा भी बरामद किए गए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी दस्तावेज किसने उपलब्ध कराए और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। धनबाद लाए जाने के बाद पुलिस ने बंटी खान को हथकड़ी लगाकर और कमर में कानून का रस्सा बांधकर सड़क पर परेड कराई। उसके साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी चल रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए कुछ देर के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोगों ने वाहन रोककर कार्रवाई देखी।

जब पुलिस बंटी खान को लेकर वासेपुर पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने उस पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर उसे भीड़ से बचाया और अपने साथ ले गई।

धनबाद के नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बैंक मोड़ थाना में बंटी खान की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि वह कोलकाता से अंतरराष्ट्रीय उड़ान के जरिए विदेश भागने की फिराक में है। इसके बाद विशेष टीम ने कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, इससे पहले प्रिंस खान गिरोह के मुख्य गुर्गे मेजर उर्फ सैफी को भी कोलकाता एयरपोर्ट से दुबई भागने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

सिटी एसपी ने कहा कि बंटी खान से पूछताछ में गिरोह के रंगदारी नेटवर्क, वित्तीय लेनदेन और विदेश में सक्रिय सदस्यों के संबंध में अहम जानकारी मिल सकती है। पुलिस फर्जी पासपोर्ट और वीजा से जुड़े नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

# 10वीं मंजिल से कूदकर टाटा स्टील के पूर्व चीफ ने की आत्महत्या

**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** बिरसानगर थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित विजया गार्डन फेज-7 में सोमवार तड़के टाटा स्टील के मर्चेंट मिल के पूर्व चीफ संदीप पाल ने 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। 62 वर्षीय संदीप पाल के इस कदम से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के अनुसार संदीप पाल पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थे। करीब 15 दिन पहले वह अपनी बेटी को बीकॉम की पढ़ाई के लिए मुंबई के एक कॉलेज में छोड़कर जमशेदपुर लौटे थे। बताया गया कि मुंबई में बेटी के रहने और वहां की परिस्थितियों को लेकर वह काफी चिंतित थे। इसके बाद से उनकी परेशानी बढ़ गई थी और वह तनाव में रहने लगे थे।

घटना की सूचना मिलते ही बिरसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# ममता के 20 बागी सांसदों में 17 भाजपा में जाएंगे

## यूसूफ पठान सहित तीन का बाहर से समर्थन

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** टीएमसी के बागी नेता और कूच बिहार सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एनसीपीआई के 20 में से 17 सांसद भाजपा में शामिल होंगे। बसुनिया के मुताबिक, यह जॉइनिंग अक्टूबर में दुर्गा पूजा से पहले या बाद में होगी। सभी 17 सांसदों ने एक साथ भाजपामें जाने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि 20 सांसदों में से दो-तिहाई से ज्यादा के एक साथ दल बदलने पर एंटी-डिफेक्शन कानून लागू नहीं होगा। 20 में से कम से कम 14 सांसदों का साथ जाना जरूरी है।

बसुनिया ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि हम 17 सांसद एक साथ भाजपामें जा रहे हैं। चूंकि 20 सदस्यों में से दो-तिहाई से ज्यादा सांसद साथ जाएंगे, इसलिए एंटी-डिफेक्शन कानून हम पर लागू नहीं होगा। 14 जून को टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने कम चर्चित नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय का ऐलान किया था। इन सांसदों ने सत्तारूढ़ एनडीए को समर्थन भी दिया था।

बसुनिया ने कहा कि एनसीपीआई के 20 सांसदों में से अल्पसंख्यक समुदाय के तीन सांसद औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने इसकी वजह अपने-अपने क्षेत्रों की राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिति बताई। उन्होंने दावा किया कि सांसद अबू ताहेर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान बाहर से एनडीए को समर्थन देंगे। बसुनिया ने कहा कि वे एनडीए का समर्थन करेंगे।

# दिशा केस में एफआईआर दर्ज, आदित्य ठाकरे सहित कई नामों का जिक्र

**एजेंसी**

**मुंबई ।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियन की जून 2020 में हुई मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश के बाद कार्रवाई हुई है। मामले में दिशा के पिता सतीश सालियन का बयान भी सीबीआई ने दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, उनके बयान में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे, अभिनेता डिनो मोरिया, रिया चक्रवर्ती और सूरज पंचोली सहित



कई लोगों के नामों का उल्लेख है। हालांकि, किसी व्यक्ति का नाम बयान या एफआईआर में आना अपने आप में अपराध सिद्ध होने के बराबर नहीं है।

# करोड़ों की संपत्ति वाले बीजेपी विधायक पराग शाह बने भिखारी, घाटकोपर की सड़कों पर मांगी भीख

## जैन गुरु की सलाह पर किया अनोखा प्रयोग

**एजेंसी**

**मुंबई ।** मुंबई के घाटकोपर पूर्व से बीजेपी विधायक पराग शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह भिखारी के वेश में घाटकोपर की सड़कों और स्टेशन के आसपास घूमते और लोगों से भीख मांगते नजर आ रहे हैं। करोड़ों रुपये की संपत्ति वाले विधायक को इस तरह देखकर लोग हैरान रह गए।

जानकारी के मुताबिक, पराग शाह ने यह प्रयोग एक जैन धर्मगुरु की सलाह पर किया। इसका उद्देश्य भिखारी के जीवन और आम लोगों के व्यवहार को करीब से समझना था। शाह ने मेकअप और वेश बदलकर पूरा दिन आम भिखारी की तरह बिताया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे बैठकर लोगों से मदद मांगी और फुटपाथ पर भोजन भी किया। खास बात यह रही कि उन्हें ज्यादातर लोग पहचान नहीं पाए।

बाद में पराग शाह ने अपना मेकअप हटाया और उन्हीं जगहों पर अपनी वास्तविक पहचान के साथ लोगों से



मुलाकात की। इस अनुभव के जरिए उन्होंने यह समझने की कोशिश की कि भिखारी के रूप में व्यक्ति को समाज में किस तरह का व्यवहार मिलता है।

पराग शाह महाराष्ट्र के सबसे अमीर विधायकों में शामिल हैं। 2024 के विधानसभा चुनाव के हलफनामे में उन्होंने और उनकी पत्नी ने 3,383 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की थी। राजनीति में आने से पहले शाह रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े रहे हैं और मुंबई महानगरपालिका के नगरसेवक भी रह चुके हैं।

# अमेरिका में हिंदी की पाठशाला चला रही हिंदी यूएसए, भाषा के साथ संस्कारों की भी शिक्षा

## 2001 में शुरू हुआ था सफर, आज 29 केंद्रों में 4 हजार से अधिक बच्चे सीख रहे हिंदी भाषा

**डॉ.सुमन सिंह**

**दुमका।** विदेश में पली-बढ़ी भारतीय मूल की नई पीढ़ी अपनी जड़ों से कितनी जुड़ी रहेगी? यह सवाल केवल भाषा का नहीं, बल्कि पहचान और सांस्कृतिक विरासत का भी है। अमेरिका में काम कर रही 'हिंदी यूएसए' इसी चुनौती का जवाब अपने अलग तरीके से दे रही है। संस्था बच्चों को हिंदी पढ़ाने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपरा और अपनी विरासत से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

वर्ष 2001 में न्यू जर्सी से शुरू हुई 'हिंदी यूएसए' आज अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदी पाठशालाओं का नेटवर्क खड़ा कर चुकी है। संस्था के अनुसार शुरुआत महज दो विद्यार्थियों और एक शिक्षक से हुई थी। बाद के वर्षों में इसका विस्तार होता गया और अब इससे 4 हजार से अधिक विद्यार्थी एवं 350 से अधिक शिक्षक जुड़े हैं। संस्था खुद को गैर-लाभकारी और स्वयंसेवी संगठन बताती है।'हिंदी यूएसए' की स्थापना के पीछे सोच सिर्फ हिंदी भाषा का प्रचार करना नहीं थी। संस्था के अनुसार इसके संस्थापकों का मानना था कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराएं भाषा से गहराई से जुड़ी हैं। इसलिए अमेरिका में रह रही भारतीय मूल की नई पीढ़ी को हिंदी से जोड़ना भारतीय सांस्कृतिक पहचान को बचाए रखने का भी माध्यम है।

नवंबर 2001 में एडिसन, न्यू जर्सी में संस्था की नींव रखी गई। इसके गठन में देवेंद्र सिंह, रचिता सिंह, राज मित्तल, सुमन मित्तल और स्वर्गीय दिग्विजय म्यूर सहित कई हिंदी प्रेमियों की भूमिका रही। देवेंद्र सिंह को संस्थापक अध्यक्ष हैं।

'हिंदी यूएसए' की अमेरिका में 29 शाखाएं हैं,जिनमें न्यू जर्सी के अलावा कनेक्टिकट, कैलिफोर्निया, जॉर्जिया, मैरीलैंड, मैसाचुसेट्स और मिसौरी जैसे राज्यों में संचालित हिंदी पाठशालाएं शामिल हैं। इनके अलावा संस्था का एक ऑनलाइन स्कूल भी है, जिससे उन स्थानों के बच्चे जुड़ सकते हैं जहां संस्था की शाखा नहीं है। न्यू जर्सी में संस्था का मुख्यालय है। एडिसन, ईस्ट ब्रंसविक, जर्सी सिटी, लॉरेंसविल, मोनरो, मॉन्टगोमरी, नॉर्थ ब्रंसविक, पिस्काटवे, साउथ ब्रंसविक, वेस्ट विंडसर-प्लेंसबोरो और वुडब्रिज समेत कई स्थानों पर हिंदी पाठशालाएं चल रही हैं।

'हिंदी यूएसए' का शिक्षा मॉडल भी व्यवस्थित है। वर्ष 2026-27 के लिए संस्था ने पांच वर्ष या उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए प्रवेश की व्यवस्था की है। पाठ्यक्रम में नौ स्तर हैं, जो स्टार्टर-1 से एडवांस्ड-2 तक जाते हैं। बच्चों को पढ़ने, लिखने और बोलने की क्षमता विकसित करने के लिए किताबों, सॉफ्टवेयर और निर्धारित पाठ्यक्रम का इस्तेमाल किया जाता है। शेष पेज 2 पर....

## गोड्डा में कोल इंडिया के अध्यक्ष ने राजमहल परियोजना का किया निरीक्षण



**गोड्डा।** कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी साईराम रविवार को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के राजमहल एरिया पहुंचे। उनके आगमन पर ईसीएल के सीएमडी सतीश झा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कोल इंडिया अध्यक्ष ने हुर्रा ओसीपी और हुर्रा-सी सीएचपी का निरीक्षण कर परियोजना की गतिविधियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान बी साईराम ने हुर्रा ओसीपी में खनन गतिविधियों का जायजा लिया। इसके बाद हुर्रा-सी सीएचपी का निरीक्षण करते हुए कोयला प्राप्ति स्थल, बंकर और साइलो की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने हुर्रा-सी के नए व्यू प्वाइंट का भी निरीक्षण किया।इसके बाद कोल इंडिया अध्यक्ष राजमहल ओपन कास्ट प्रोजेक्ट पहुंचे, जहां उन्होंने खनन गतिविधियों का प्रत्यक्ष जायजा लिया। परियोजना की कार्यप्रणाली और उत्पादन से संबंधित जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की ।

## अरगोड़ा से अपहृत युवक नगड़ी से बरामद, चार आरोपित गिरफ्तार

**रांची ।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में देर रात एक युवक के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए युवक को नगड़ी थाना क्षेत्र के सुनसान जंगल से सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।सिटी एसपी पारस राणा ने सोमवार को बताया कि 14 सितंबर की रात करीब 12꠰10 बजे हर्ष कुमार अपने दोस्तों के साथ आई-20 कार से लालपुर में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर कडरू स्थित अपने घर लौट रहे थे। कार्तिक उरांव चौक के पास उनकी कार खराब हो गई, जिसके बाद वे वहां रुक गए। इसी दौरान एक महिंद्रा एक्सयूवी 500 वहां पहुंची। आरोप है कि एक्सयूवी में सवार 3-4 लोगों ने हर्ष कुमार को जबरन पकड़कर अपनी गाड़ी में बैठा लिया।घटना की सूचना मिलते ही रांची पुलिस ने कई टीमों का गठन कर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नगड़ी थाना क्षेत्र के एक सुनसान जंगल से हर्ष कुमार को सुरक्षित बरामद कर लिया।मामले में पुलिस ने असगर खान, विनय कुमार साहु, भोला नायक और आकाश कुमार साहु को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में इस्तेमाल महिंद्रा एक्सयूवी 500, पांच स्मार्टफोन, 6,500 रुपये नकद और झारखंड सरकार का स्टांप पेपर बरामद किया है, जिस पर हर्ष कुमार के हस्ताक्षर बताए गए हैं।गिरफ्तार आरोपित आकाश कुमार साहु का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह लोहरदगा थाना में दर्ज शिकायत के मामले में के तहत जेल जा चुका है।

## ओबीसी के लिए जातिगत जनगणना में अलग कॉलम की मांग

### कांग्रेस 16 सितंबर को निकालेगी राजभवन मार्च

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम शामिल करने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी 16 सितंबर को राजभवन मार्च करेगी। मार्च में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। मार्च के बाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना में ओबीसी की वास्तविक संख्या दर्ज करने के लिए अलग कॉलम सुनिश्चित करने की मांग करेगा।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि जातिगत जनगणना केवल आंकड़े जुटाने का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और संसाधनों में न्यायपूर्ण हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी ओबीसी समाज से आती है। ऐसे में यदि जनगणना में उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति का स्पष्ट आंकड़ा दर्ज नहीं होगा, तो उनके अधिकारों और हिस्सेदारी से जुड़े नीतिगत फैसले किस आधार पर लिए जाएंगे।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा ओबीसी समाज को उसकी आबादी के अनुरूप अधिकार और हिस्सेदारी देने से क्यों डर रही है, यह जनता जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सामाजिक न्याय की बात करती है, तो जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम रखने में आपत्ति क्यों है।कमलेश ने कहा कि कांग्रेस की मांग न्यायसंगत और संविधान की भावना के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी भागीदारी सामाजिक न्याय का मूल सिद्धांत है। सटीक आंकड़ों के अभाव में आरक्षण, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों का लाभ लक्षित वर्गों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना कठिन होगा।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार को ओबीसी समाज को राजनीतिक नारों के बजाय सटीक आंकड़ों और वास्तविक अधिकारों के माध्यम से जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को सदन से सड़क तक मजबूती से लड़ेगी।

## एसबीयू के विद्यार्थियों ने नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में लहराया परचम



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक ओर विद्यार्थी नवाचार प्रदर्शनी - आईसीसीआई-2026 में अपने अभिनव प्रोजेक्ट ई-फॉग कलेक्टर÷ के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर बीटेक कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों की टीम कैफीन कोड ने आईबीएम राष्ट्रीय हैकाथॉन-2026 के पूर्वी क्षेत्र में विजेता का खिताब हासिल किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन बीआईटी मेसरा के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया था। एसबीयू की एक टीम ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट ई-फॉग कलेक्टर के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।ई-फॉग कलेक्टर परियोजना आयनिक पवन तकनीक के माध्यम से कोहरे से जल संग्रहण की अवधारणा पर आधारित है। यह परियोजना जल संरक्षण और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान की दिशा में विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित करती है।विजेता टीम में निखिल शर्मा , आयुष राज एवं आयुष कुमार सुमन शामिल थे। टीम का मार्गदर्शन डॉ. अविनाश कुमार, सह-प्राध्यापक, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग, सरला बिरला विश्वविद्यालय ने किया।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान ठिका़ एमो़क् ला़गित् आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना: **(1) सूचीपत्र सं.: एएसएन-एडीवीटी-25-09, नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़यः** 25.09.2026 हिलोक् 12.00 बजे। सिक्रेंस सं., लॉट सं. आर बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **एए/1, एडीवीटी-एएसएन-डीजीआर-ओएच-194-26-2 (विज्ञापन आउट ऑफहोम)**, दुर्गापुर स्टेशन रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे एसएसई (इलेक्ट) स्टोर सामाङ रे 3 बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् 50:50 बजे सो़मो़य रेयाक् साझेदारी लेका रे 15 फीट X 5 फीट मेताक् 75 वर्ग फीट आकार रेयाक् वीडियो वॉल दाराय ते रेलवे रेयाक् बानाडाय आर विज्ञापन उदुग ला़गित् ठिका़ एमो़क्। **एबी/1, एडीवीटी-एएसएन-डीजीएचआर-ओएसएन-139-26-1 [ विज्ञापन - स्टेशन छाटका रे (नॉन-डिजिटल) ]**, देवघर स्टेशन भितरी रे 3 बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् नॉन-डिजिटल मीडिया दाराय ते वाणिज्यिक विज्ञापन ला़गित् ठिका़ एमो़क्। **(2) सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमएसएस-आरएनजी-आरईटी, नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़यः** 25.09.2026 हिलोक् 14.00 बजे। सिक्रेंस सं., लॉट सं. आर बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **एए/1, एडीवीटी-एएसएन-डीजीआर-ओएच-194-26-2** (विज्ञापन आउट ऑफहोम), रानीगंज स्टेशन रे 3 बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् रिटेल स्टोर (क्षेत्रफल 150 वर्ग फीट) बाइसाउ आर चालाव-बानाव ला़गित् ठिका़ एमो़क्। जो़तो़ नामडाक बोलीदाताको अनुसूची लेकारे चेतान रेयाक् ई-नीलामी रेयाक् पुरा़उ बानाडाय आर ओना रे सेलेदो़क् ला़गित् दो़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

**(ASN-256/2026-27)**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

**ठिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट** www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों **बेबो़सता आकान मेनाक्आ।**

**नो़ंडे पांजालेपेः** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# युवती की हत्या का खुलासा, प्रेम विवाह से नाराज ससुर ने रची साजिश

संताल एक्सप्रेस



**धनबाद ।** धनबाद के बलियापुर में ढांगी पहाड़ी की तलहटी से मिले सिर कटे युवती के शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल 07 लोगों में से चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार युवती ने प्रेम विवाह किया था, जिससे उसके पति के पिता संतोष रवानी नाराज थे। आरोप है कि इसी नाराजगी में युवती को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची गई और उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई।रविवार को धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने जानकर देते हुए कहा कि पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार सहित मृतिका की चप्पल, पूजा सामग्री और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।11 सितंबर को बलियापुर थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि ढांगी पहाड़ी की तलहटी के पास एक युवती का सिर कटा शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान एक युवती का सिर कटा शव मिला, जबकि कुछ दूरी पर एक बोरे में उसका सिर भी बरामद किया गया।मौके पर पहुंचे संदीप रवानी ने शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 09 सितंबर से लापता थी और इसकी जानकारी उन्हें उनके दामाद कृष रवानी ने फोन पर दी थी। इसके बाद मृतिका के पिता के लिखित आवेदन पर बलियापुर थाना में हत्या और साक्ष्य छिपाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जांच को आगे बढ़ाया और चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में राजगंज थाना क्षेत्र के डोमनपुर निवासी जयराम रवानी, बलियापुर के प्रधानखंता निवासी किशोर महतो, करमाटांड़ निवासी आलोमनी देवी और राम प्रसाद रजवार शामिल हैं।पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान आरोपितों ने हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है।पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आया कि संतोष रवानी के पुत्र कृष रवानी ने मृतका से प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि यह विवाह संतोष रवानी को पसंद नहीं था। आरोप है कि इसी वजह से युवती को रास्ते से हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से हत्या की साजिश रची गई और हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया गया।हालांकि, पुलिस इस मामले में शामिल अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस ने आरोपितों के पास से करीब दो बित्ता सात अंगुल लंबा धारदार छुरा, मृतिका की चप्पल, पूजा सामग्री और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## खेल युवाओं में विकसित करता है अनुशासन की भावना : सुदेश



**रांची ।** रांची के होचर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से आयोजित रांची चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ सोमवार को पिनाकल क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में हुआ।कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि झारखंड की माटी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो बस ग्रामीण और स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच और अवसर प्रदान करने की, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखारकर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन कर सकें।उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए होचर स्पोर्टिंग क्लब के सभी आयोजकों को बधाई दी और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक मुकेश कुमार महतो, अध्यक्ष रवि लोहरा, मैनेजर मो वसीम अंसारी, उपाध्यक्ष सह संयोजक आनन्द कुमार महतो, उपाध्यक्ष अरुण महतो, सचिव रितीक राज, दीपक राम सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## गोमिया में ओएनजीसी के स्टोर रूम में चोरी

**गोमिया (बोकारो)।** ओएनजीसी गोमिया क्षेत्र अंतर्गत साईट11 (खुदगड्डा) स्थित स्टोर रूम में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पहले स्टोर रूम से लाखों रुपये के कीमती उपकरणों और केबलों पर हाथ साफ करने के बाद चोरों ने महज तीन दिनों के भीतर दोबारा ताला तोड़कर चोरी का दुस्साहस किया। हालांकि, दूसरी घटना के दौरान ऑन-ड्यूटी सुरक्षा गार्ड की सतर्कता के कारण चोर अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मौके से भाग खड़े हुए।10 सितंबर को पहली घटना, 11 को थाने में दर्ज हुई स्टेशन डायरीमामले की शुरुआत 10 सितंबर 2026 को हुई, जब टेस्टिंग सुपरवाइजर बीरजू कुमार ने स्टोर रूम से सामान गायब होने की सूचना कनिष्ठ अभियंता शुभम गुप्ता को दी। छानबीन के बाद भी सामान न मिलने पर 11 सितंबर को गोमिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने स्टेशन डायरी (सनहा सं0 11/26, दिनांक 11/09/2026) दर्ज की।

## आदिवासी जमीन की सुरक्षाऔर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता सम्मेलन



**महागामा/गोड्डा।** महागामा प्रखंड अंतर्गत पलहारपुर गांव में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में एभेन आखड़ा जागवार बैसी की ओर से आदिवासी जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में गोड्डा, पाकुड़ एवं साहेबगंज जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी महिला, पुरुष एवं सक्रिय युवाओं ने भाग लिया। सम्मेलन में आदिवासी समाज से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक, कानूनी एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।सम्मेलन में एभेन आखड़ा जागवार बैसी के सदस्यों एवं बुद्धिजीवियों ने मुख्य रूप से आदिवासी जमीन की सुरक्षा, गैर-आदिवासी से विवाह तथा रात्रि मेला जैसे तीन महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया।

**आदिवासी जमीन के हस्तांतरण पर रोक को लेकर जागरूकता**

सम्मेलन में आदिवासी जमीन को गैर-आदिवासियों के हाथों खरीद-बिक्री एवं हस्तांतरण से बचाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संताल परगना टेनेंसी एक्ट के तहत आदिवासी भूमि के हस्तांतरण पर विशेष कानूनी प्रतिबंध हैं। समुदाय के लोगों से अपील की गई ।

## रंजय भारती ने संभाला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रंजय भारती का पदभार ग्रहण सह अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा एवं अमर कुमार बाउरी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रंजय भारती का अभिनंदन करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि संगठन में पद केवल प्रतिष्ठा का विषय नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी और दायित्व है। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सभी को साथ लेकर चलने का आग्रह किया।सहाय ने कहा कि वर्ष 2029 के चुनाव को लक्ष्य बनाकर अनुसूचित जाति समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जरूरत है।

## लूटपाट मामले में ऑटो चालक सहित दो गिरफ्तार

**रांची।** ऑटो चालक और उसके साथी ने एक बुजुर्ग यात्री को सुनसान जगह ले जाकर चाकू के बल पर लूट लिया। पुलिस ने इस मामले में ऑटो चालक सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से लूट में इस्तेमाल ऑटो, मोबाइल फोन और नकद बरामद किए गए हैं।सिटी एसपी पारस राणा ने सोमवार को बताया कि यह लूट की घटना 10 सितंबर की रात की है। मो अनजार अहमद (61) गया से लौटने के बाद रात करीब 09 बजे बुटी मोड़ के पास एक ऑटो में बैठे थे। ऑटो में चालक के अलावा 02 अन्य व्यक्ति पहले से बैठा हुआ था। अनजार अहमद को अरगोड़ा जाना था।ऑटो चालक ने हरमू बिजली ऑफिस के पास पहुंचने के बाद मुख्य सड़क छोड़ दी और ऑटो को सुनसान इलाके में ले गया। वहां चालक और उसके साथी ने चाकू दिखाकर बुजुर्ग के साथ मारपीट की और उनके पास से करीब 22 हजार रुपये नकद, मोबाइल और कुछ जरूरी दस्तावेज लूट लिए।घटना के बाद अरगोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में शामिल ऑटो चालक मोनी सिंह उर्फ पाजी उर्फ मनवीर सिंह और चिकू कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल ऑटो, 03 मोबाइल फोन, कपड़े और 06 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।गिरफ्तार आरोपित मोनी सिंह का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लालपुर, बरियातू, सुखदेवनगर, गोंदा और कांके थाना में चोरी, मारपीट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं।

## बासुकीनाथ धाम में पूजा करने आए संतोष की मौत

**जरमुंडी।** बिहार के जिला अरवल, फखरपुर नोनिया बिगड़ा गांव से गांव के ग्रामीणों के साथ पूजा करने बासुकीनाथ धाम आए संतोष कुमार की हत्या करने का आरोप उसके परिवार वालों ने साथ आज ग्रामीणों पर लगाया है। इस संदर्भ में रिंकु कुमारी के लिखित शिकायत पर 13 सितम्बर को जरमुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। रिंकु कुमारी ने पुलिस को दिये आवेदन में गांव के ही ग्रामीणों पर आरोप लगाकर बताया है कि उसके पति संतोष कुमार की हत्या गांव के रजनीश कुमार, भीम कुमार, अर्जुन कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, धनंजय कुमार, पिंटु कुमार, मनीष कुमार, प्रहलाद यादव, सत्येंद्र कुमार ने पीट-पीट हत्या कर दी है।

## जातीय जनगणना में ओबीसी कॉलम नहीं तो होगा देशव्यापी आंदोलन



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के जंगपुरा में देशभर के विभिन्न पिछड़ा वर्ग सामाजिक संगठनों की एक अहम संयुक्त बैठक आयोजित की गई। धर्मेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस महाबैठक में करीब 60 संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक स्वर में अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की।बैठक में सर्वसम्मति से यह कड़ा निर्णय लिया गया कि देश में जो जनगणना हो रही है, उसमें सरकार अविलंब जाति का कॉलम जोड़े और ओबीसी को उसमें स्पष्ट स्थान दे। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी यह मांग नहीं मानी गई, विशाल धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे।

## रक्षा राज्य मंत्री के आवास पर आयोजित गणेश महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची के पंडरा स्थित आवास पर आयोजित श्री गणेश महोत्सव में सम्मिलित होकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की।राज्यपाल ने विघ्नहर्ता श्री गणेश से समस्त राज्यवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।चेंबर चुनाव में जीत पर अमित अग्रवाल को दी बधाई फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर के चुनाव में अमित अग्रवाल की प्रचंड जीत पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें बधाई दी। सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित गणेश महोत्सव के दौरान महानगर कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड चेंबर व्यापार और उद्योग जगत की महत्वपूर्ण संस्था है। उन्होंने अमित अग्रवाल को उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चेंबर की मजबूती से राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।इस अवसर पर संजय सेठ ने भी अमित अग्रवाल को जीत की बधाई देते हुए कहा कि झारखंड चेंबर की नई टीम व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमित अग्रवाल चेंबर के माध्यम से व्यापार जगत और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्हें बधाई देने वालों में मेयर रोशनी खलको, भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व संसद अजय मारू, भाजपा महानगर की पूरी टीम, गंगोत्री कुजूर सहित अन्य शामिल थे।

## भू-धंसान से हो रही मौतें राज्य पोषित अवैध खनन का नतीजा :प्रतुल शाहदेव

संताल एक्सप्रेस



**रांची ।** झारखंड भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने धनबाद में हाल में हुई भू-धंसान की घटना में तीन ग्रामीणों की मौत को अवैध खनन का परिणाम बताते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध खनन को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है और प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है।प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि धनबाद में हाल की घटना में तीन लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात वर्षों में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने समेत अन्य घटनाओं में कई दर्जन लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद इस धंधे पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जिस स्थान पर हाल की घटना हुई, वहां सितंबर 2025 में सर्विस वैन पलटने से सात कर्मियों की मौत हुई थी। उनके अनुसार, उस घटना के बाद भी ठोस कदम नहीं उठाए गए और बंद परियोजना में कथित तौर पर फिर अवैध खनन शुरू हो गया।भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि बंद खदानों में अवैध कोयला खनन कैसे जारी है और वहां सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार हादसे होने के बावजूद प्रशासन की कार्रवाई प्रभावी नहीं है।

एमएमडीआर एक्ट को लेकर सरकार पर निशानाप्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार एमएमडीआर एक्ट का विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि इसमें अवैध खनन के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं।

## ईएसएल आर्चरी अकादमी के तीन युवा तीरंदाजों को झारखंड सरकार की खेल छात्रवृत्ति




**बोकारो ।** वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी के तीन होनहार युवा तीरंदाजों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के लिए झारखंड सरकार की ओर से खेल छात्रवृत्ति प्रदान की गई है.अकादमी के कुलदीप महतो को 70,000, जबकि डोली कुमारी और कृतिका कुमारी को 60,000-60,000 की छात्रवृत्ति मिली है. यह सम्मान उनके निरंतर बेहतर प्रदर्शन, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण को मान्यता देता है.साथ ही, यह उपलब्धि वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी द्वारा ग्रामीण और स्थानीय प्रतिभाओं को पहचानने तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों को भी दर्शाती है.ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ एवं होल टाइम डायरेक्टर, रवीश शर्मा ने कहा, कुलदीप, डोली और कृतिका की इस उपलब्धि पर हमें बेहद गर्व है. झारखंड सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह सम्मान उनकी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा का प्रमाण है. ईएसएल में हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और अवसर मिलें, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें और राज्य व देश का नाम रोशन करें।

## पेज एक का शेष

**अमेरिका में हिंदी की पाठशाला..................**

'हिंदी यूएसए' के घोषित उद्देश्यों में विभिन्न स्तरों का पाठ्यक्रम तैयार करना, शिक्षकों को प्रशिक्षण देना और हर वर्ष मौखिक और लिखित परीक्षाएं आयोजित करना शामिल है। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पदक भी दिए जाते हैं।भाषा सीखने को बच्चों के लिए रोचक बनाने के लिए संस्था उन्हें कविता पाठ और वार्षिक हिंदी महोत्सव जैसी गतिविधियों से भी जोड़ती है।'हिंदी यूएसए' का वार्षिक हिंदी महोत्सव इसकी गतिविधियों का प्रमुख आकर्षण है। वर्ष 2026 में आयोजित महोत्सव संस्था का 25वां हिंदी महोत्सव था और इसे रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया गया। 16 और 17 मई को न्यू जर्सी के साउथ रिवर हाई स्कूल में आयोजित इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ विराट कवि स मेलन भी हुआ।इस तरह पाठशाला में सीखी गई भाषा कक्षा की चहारदीवारी से निकलकर मंच, कविता, कला और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है।

हिंदी यूएसए की एक महत्वपूर्ण गतिविधि उसकी वार्षिक पत्रिका 'कर्मभूमि' है। संस्था के अनुसार यह पत्रिका हिंदी के प्रति जागरूकता, लेखन के प्रति सक्रियता और काव्य के प्रति रचनात्मकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। हिंदी यूएसए की खासियत इसका स्वयंसेवी मॉडल है। संस्था के अनुसार उसके 500 से अधिक विद्यार्थी स्नातक हो चुके हैं और उनमें से कई आगे चलकर सहायक शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। यानी जिस बच्चे ने कभी यहां हिंदी सीखी, वही आगे चलकर दूसरे बच्चों को हिंदी सिखाने में योगदान दे सकता है।संस्था के स्वयंसेवकों को अमेरिकी सरकार के प्रेसिडेंट्स वॉलंटियर सर्विस अवॉर्ड के लिए प्रमाणित करने की सुविधा भी उपलब्ध है।'हिंदी यूएसए' की गतिविधियों में भाषा और संस्कृति को अलग-अलग नहीं देखा जाता। संस्था के घोषित उद्देश्य में हिंदी के साथ भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को भी शामिल किया गया है। इसके कार्यक्रमों में हिंदी महोत्सव के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होते हैं। संस्था की वर्तमान गतिविधियों में गणपति विसर्जन उत्सव तथा नवरात्रि-दीपावली समारोह जैसे कार्यक्रम भी सूचीबद्ध हैं।इस तरह अमेरिका में जन्मे बच्चे हिंदी सीखते हुए भारतीय त्योहारों, परंपराओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों से भी परिचित होते हैं।प्रवासी भारतीय परिवारों की तीसरी और चौथी पीढ़ी के सामने अपनी पारिवारिक भाषा को बनाए रखना आसान नहीं होता। घर में अंग्रेजी का बढ़ता इस्तेमाल, अमेरिकी शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक वातावरण बच्चों को धीरे-धीरे भारतीय भाषाओं से दूर कर सकता है।ऐसे माहौल में हिंदी यूएसए का मॉडल महत्वपूर्ण दिखाई देता है।

## साहित्यकार उमेश कुमार सिन्हा 'साधक' हुए सम्मानित



**जामताड़ा।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को संत एंथोनी स्कूल, जामताड़ा के सभागार में साहित्यकार परिषद की ओर से विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार उमेश कुमार सिन्हा 'साधक' को साहित्य के क्षेत्र में उनके सक्रिय एवं बहुमूल्य योगदान के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद डा. डी. डी. भंडारी ने किया। उन्होंने हिंदी दिवस के इतिहास, महत्व और वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन के साथ सभी स्तरों पर हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने 'साधक' को बहुआयामी प्रतिभा का धनी और कुशल साहित्यकार बताया।समारोह में मों. इमाम, राकेश कांत रौशन, अजय कुमार सिंह, डा. कांचन गोपाल मंडल, राजीव रंजन, मनोज कुमार सिन्हा, सौरभ कुमार, सुमन राय चाहत, संजीव कुमार समेत कई साहित्यकार उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी को लेकर ऊर्जा नगर में भव्य पंडाल सजकर तैयार



महागामा संवाददाता। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की आराधना के महापर्व गणेश चतुर्थी को लेकर महागामा के ऊर्जा नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पूजा को लेकर ऊर्जा नगर में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है, जिसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, सजावटी लाइटों और खूबसूरत साज-सज्जा से पूरा पूजा परिसर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन गया है गणेश चतुर्थी को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पंडाल को आकर्षक रूप देने के लिए पूजा समिति के सदस्यों द्वारा विशेष तैयारी की गई है। शाम होते ही रोशनी से पूरा परिसर जगमगा उठता है और पंडाल की भव्यता देखते ही बनती है। आसपास के लोग भी पंडाल की सजावट देखने के लिए पहुंच रहे हैं।पूजा समिति द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना एवं पूजा-अर्चना को लेकर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। गणपति बप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।भक्ति और उत्साह में डूबा ऊर्जा नगर गणेश चतुर्थी के मद्देनजर ऊर्जा नगर

## एकदिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन



महगामा ~ हरितालिका तीज एवं गणेश चतुर्थी के पूर्व संध्या पर एकदिवसीय संतमत सत्संग का भव्य आयोजन महर्षि में ही आश्रम केंचुआ महागामा में किया गया। यह सत्संग कंचन देवी के स्मृति दिवस पर आयोजित था। अररिया बिहार से पधारे स्वामी राजनाथ जी महाराज गोड्डा से महामंडलेश्वर विशंभरानंद जी महाराज एवं हरदेव बाबा ने उपदेश दिया। सत्संग का प्रारंभ वासुदेव बाबा ने स्तुति विनती वेद मंत्र उपनिषद रामचरितमानस के पाठ से प्रारंभ किया। राजनाथ जी महाराज ने मानव शरीर को अनमोल बताया। ईश्वर कभी दया करके जीव को जन्म मरण से मुक्ति हेतु मनुष्य का शरीर प्रदान करते हैं। हमें भजन करने के लिए यह जीवन मिला है सच्चे सद्गुरु के द्वारा नाम दान लेकर ईश्वर भजन करना चाहिए। आत्मा अजर अमर अविनाशी है। उसका नाश नहीं होता। सिर्फ मनुष्य शरीर द्वारा ही कर्म भोगाजाता है और कर्म भी किया जाता है। कर्म करने में स्वतंत्र है लेकिन फल परमात्मा देता है। अतः हमें विधि निषेध का पालन करके अच्छे कर्मों को करना चाहिए। जीवन अल्पकाल के लिए मिला है। जीते जी मुक्ति प्राप्त कर लेना चाहिए। योग का नाश नहीं होता। भक्ति का विनाश नहीं होता। मृत्यु होने पर भक्ति स्वर्ग सुख कोभोग कर ह पुनः मानव शरीर प्राप्त करता है। जहां से भजन छूटता है वहां से प्रारंभ करता है। भगवान बुद्ध को 550 जन्म लेना पड़ा। तब निर्माण को प्राप्त हुए।

## हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हो सार्थक पहल

**गोड्डा।** हिंदी दिवस के मौके पर छात्र नेता सह हिंदी विषय से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण छात्र सौरभ झा ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करने हेतु सरकार से सार्थक पहल हेतु आग्रह करते हुए कहा कि आज ही के दिन यानि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला किंतु लंबी बहस के बाद भी राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिल पाया तब परिस्थितियां अनुकूल न थी लेकिन आज जब देश में प्राचीन गौरव और धरोहर को पुनर्स्थापित स्थानों के नाम परिवर्तन जैसे सार्थक कार्य हो रहे हैं तो ऐसे में पूरे हिंदुस्तान के दिलों के राज करने वाली सबों को आसानी से समझ आने वाली भाषा हमारी मातृभाषा हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप के स्थापित करने में कैसी समस्या ।

## हिंदी दिवस पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश



**जामताड़ा।** हिंदी दिवस के अवसर पर आश्रम आवासीय विद्यालय, पर्वत बिहार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा की ओर से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकार के सचिव पवन कुमार, पैनल अधिवक्ता बबली साव और प्रधानाचार्य मार्शिला मरांडी मौजूद रहीं।सचिव पवन कुमार ने छात्राओं को हिंदी दिवस की महत्ता बताते हुए संविधान में वर्णित न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और गरिमा जैसे मूल्यों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया।अधिवक्ता बबली साव ने दहेज प्रथा, लैंगिक समानता तथा महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों पर जानकारी साझा की। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दहेज प्रथा के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मधु कुमारी, मौसमी मुर्मू, आनंद महतो, शबाना यास्मीन, विश्वजीत पॉल, जगत मोहन महतो, अमित कुमार मिश्रा, मेघा गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं पवन कुमार, जितेंद्र नाथ मंडल, इंद्राणी पांडेय, रुची राजहंस, नागेंद्र मिश्रा, बाबिता हांसदा, सावित्री हेम्ब्रम, सौरव कुमार झा व अदिति मेहरा उपस्थित रहे।

## 47 वर्षों से कायम है गणपति आराधना की परंपरा, कायस्थपाड़ा में गूंजे मंगलकामना के स्वर



**जामताड़ा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर कायस्थपाड़ा स्थित राउतपाड़ा में मेरा समिति की ओर से विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।समिति सदस्य सचिन राउत ने बताया कि वर्ष 1979 में मोहल्ले के राउत परिवार के सदस्यों ने गणपति पूजा की शुरुआत की थी। तभी से यह धार्मिक परंपरा लगातार जारी है। वहीं प्रदीप राउत ने बताया कि पिछले 47 वर्षों से कायस्थपाड़ा में गणेश चतुर्थी पर नियमित रूप से पूजा आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी भव्य स्तर पर गणपति महोत्सव मनाया जा रहा है।आयोजन में प्रमोद राउत, राजा राउत, ब्रजेश राउत, जीतू, अंश, राज, विष्णु राउत, प्रीतम, विनय राउत, राकेश राउत, दिव्यज्योति सरकार, रोहित बाउरी, राहुल कुमार, बजरंगी और देव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मध्य विद्यालय, कसबा की छत जर्जर, डर के साये में तैयार हो रहा छात्रों का भोजन



संवाददाता

**हनवारा** । प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, कसबा में जर्जर छत के नीचे रसोइया मध्याह्न भोजन तैयार करने को मजबूर हैं। रसोईघर की स्थिति खराब होने के कारण यहां खाना बनाने वाली रसोईया के बीच हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। जर्जर छत के नीचे रोजाना बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है।

रसोइया ने बताया कि खाना बनाने के समय हर रोज डर का माहौल बना रहता है। काम करते समय यही चिंता सताती रहती है कि कहीं अचानक छत का कोई हिस्सा टूटकर नीचे न गिर जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए खाना बनाना जरूरी है, लेकिन जर्जर छत के नीचे काम करना जान जोखिम में डालने जैसा है।

बारिश के दिनों में स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। छत जर्जर होने के कारण पानी टपकने और छत के कमजोर हिस्से से किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण रसोइया उसी जगह पर भोजन बनाने को विवश हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्यालय में बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं। ऐसे में जर्जर रसोईघर की स्थिति को नजरअंदाज करना कभी भी भारी पड़ सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग से विद्यालय के रसोईघर की स्थिति की जांच कराकर जल्द मरम्मत कराने या सुरक्षित रसोईघर की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बच्चों का भोजन तैयार करने वाली रसोईया भी सुरक्षित माहौल में काम कर सकें।

# डहरे करम बेड़हा में दिखी कुड़मि समाज की एकजुटता झारखंड सहित बिहार, बंगाल, ओडिशा और असम से लोग पहुंचे



संवाददाता

**गोड्डा** । कुड़मि समाज की सामाजिक एकजुटता और समृद्ध लोक संस्कृति का भव्य प्रदर्शन रविवार को गोड्डा में आयोजित डहरे करम बेड़हा-2026 में देखने को मिला। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे लोगों ने ढोल, मांदर और नगाड़े की थाप पर नाचते-गाते हुए अपनी संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत हूल विद्रोह के महानायक वीर शहीद चानकु महतो स्मारक स्थल से हुई। यहां से शोभायात्रा कारगिल शहीद वीरेंद्र महतो चौक होते हुए गोड्डा कॉलेज मैदान पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। लगभग 30 जोन से पहुंचे कुड़मि समाज के लोगों ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अनुशासन बनाए रखते हुए आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में संथाल परगना के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची और रामगढ़ से लोग पहुंचे। वहीं बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम से भी कुड़मि समाज के लोगों ने भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

**जगह-जगह की गई थी शर्बत-पानी की व्यवस्था**

आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज की ओर से शहर और आसपास के विभिन्न चौक-चौराहों पर शर्बत और पानी की व्यवस्था की गई थी। रंगमटिया चौक, दुमुही, वीर कुंवर सिंह चौक, डीएवी स्कूल चौक, इसाफ बैंक चौक, बढ़ौना, राजकचहरी पोखर चौक, सिनेमा हॉल चौक, हटिया चौक, न्यू मार्केट चौक, कारगिल शहीद जवान वीरेंद्र महतो चौक, सरकारी बस स्टैंड चौक, आसनबनी चौक, नहर चौक, भतडीहा पोखर चौक, सरकंडा चौक, मुफस्सिल थाना चौक और गोड्डा कॉलेज चौक पर लोगों के लिए पेयजल और शर्बत की व्यवस्था की गई।

**कृषि और प्रकृति से जुड़ा है करम पर्व** कुड़मि जनजाति के 'बारह मासे तेरह परब' में करम पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व कृषि कार्य, प्रकृति और सृजन से जुड़ा माना जाता है। विशेष रूप से छोटानागपुर क्षेत्र में कुड़मि समाज के बीच करम पर्व भाई-बहन के स्नेह और सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। डहरे करम बेड़हा के माध्यम से समाज ने अपनी पुरातन परंपराओं और लोक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया। संरक्षक मंडली सदस्य संजीव कुमार महतो ने कहा कि करम पर्व कुड़मि समाज की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का माध्यम है। संयोजक मंडली सदस्य दीपक महतो ने कहा कि करम पर्व की परंपरा पुरखों से मिली विरासत है, जिसे संरक्षित रखना समाज की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में धनंजय महतो, प्रफुल्ल महतो, अशोक महतो, संजय महतो, रानी, आंचल, ममता, सोनी, रंभा और शकुंतला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## जोहार कलमकार मंच के बैनर तले हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर साहित्यिक गोष्ठी आयोजित



गोड्डा। हिन्दी दुनिया की दूसरी सर्वाधिक व्यवहार की जाने वाली भाषा बन चुकी है। ऐसे में हमें अपनी भाषा हिन्दी पर अभिमान करनी चाहिए। उक्त आशय की बात अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव ने रविवार शाम स्थानीय इनडोर स्टेडियम में जोहार कलमकार मंच झारखंड की गोड्डा जिला शाखा के बैनर तले हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित साहित्यिक गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी हमारे रिश्तों को मजबूती प्रदान करती है। बतौर मुख्य वक्ता साहित्यकार शिव कुमार भगत ने हिन्दी के सफरनामा को सदन में रखते हुए मुक्तिबोध के साहित्यिक सफर, विशेषकर वैज्ञानिक बिम्ब पर आधारित उनकी सभी प्रमुख काव्य कृतियों पर अपने विचारों को रखा। प्रखर वक्ता डॉ. मौसम ठाकुर के अलावा डॉन बोस्को के निदेशक अमित राय एवं आकाश कुमार ने हिन्दी के संघर्ष एवं वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सुरजीत झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. ब्रह्मदेव कुमार ने सधे हुए अंदाज में किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजित काव्य - गोष्ठी में डॉ. ब्रह्मदेव कुमार, प्रकाश यादव, सुरजीत झा, मनीष कुमार सिंह, शैलेन्द्र प्रसाद, ओम प्रकाश मंडल, सोनू कुमार झा, विपुल कुमार दुबे डॉ. स्मिता शिप्रा, ईश स्तुति, रूबी कुमार एवं खुशबू कुमारी ने अपनी कविताओं से खूब समा बांधा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ब्रह्मदेव कुमार के संपादन में प्रकाशित पुस्तक ÷अनिरुद्ध प्रसाद बिमल की छंद साधना÷ एवं उनकी

## कर्माटांड़ में विघ्नहर्ता गणपति का महोत्सव का आयोजन



**कर्माटांड़**-चरघरा रोड स्थित सार्वजनिक पूजा पंडाल में इस वर्ष विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा-अर्चना अत्यंत ही श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुई। दस दिनों तक चलने वाले इस गणेशोत्सव के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। सुबह और शाम होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण गणेशमय हो गया।पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि अनुष्ठान की शुरुआत गणेश चतुर्थी के दिन भव्य कलश यात्रा के साथ हुई थी, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद विधि-विधान से प्रथम पूज्य गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। पंडाल को आकर्षक और भव्य विद्युत झालरों तथा फूलों से बेहद खूबसूरती से सजाया गया था, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।महाउत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों और युवाओं के लिए फैंसी ड्रेस, गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं ने उत्सव के उत्साह को और बढ़ा दिया। पूजा समिति की ओर से महाभोग और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणेश को विदाई देने के लिए एक भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गई। डीजे की धुन, ढोल-नगाड़ों की थाप औरी गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से अपने आराध्य को विदाई दी।

# जामताड़ा के कुंडहित में आज तक नहीं बनी सड़क



**कुंडहित (जामताड़ा)**

झारखंड निर्माण के 26 वर्ष बेचने को चला पर कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के बागडेहरी -सुद्राक्षीपुर पंचायत के बीच जनार्दनपुर - से माड़भांगा के बीच करीब दो किलोमीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों 6 किलोमीटर दूरी तय कर जाना पड़ रहा है। जबकि ग्रामीणों द्वारा उक्त सड़क निर्माण के लिए लगातार प्रखंड सह जिला प्रशासन को जानकारी देते आ रहे हैं। उक्त सड़क के बीच जोड़ियां में बिहार राज्य के समय पुल का निर्माण किया गया। पर आज तक पल के दोनों और एप्रोच सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों को बरसात के चार-पांच महीना लंबी दूरी कर आना-जाना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया सड़क मार्ग होने के बावजूद लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **क्या कहते हैं ग्रामीणों** - अजय मंडल, पारु पहाड़िया, सुकमार वाउरी, मिलन घोष आदि ने बताया इस सड़क का निर्माण हो जाए तो झारखंड-बंगाल सीमा से सटे कई गांवों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकती है ।

ग्रामीणों ने बताया उक्त मार्ग पर संयुक्त बिहार राज्य के समय वर्ष 1992-93 में जनार्दनपुर - मांडभंगा जोड़िया के ऊपर एक पुलिया का निर्माण कराया गया था। लेकिन पुलिया निर्माण के बाद उसके दोनों ओर पहुंच पथ का निर्माण नहीं किया गया। इसके कारण पुलिया बनने के बावजूद इसका समुचित लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाया। साथ है पुलिया के चारों ओर जंगल झोड़ीयों से भर गया हैं । जिसमें पुलिया दूर से नजर नहीं आता है। ग्रामीणों ने बताया वर्तमान में पुलिया की स्थिति भी काफी जर्जर हो चुकी है। पुलिया के आसपास सड़क नहीं होने और संरचना के कमजोर होने के कारण लोगों को जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है।

बरसात के चार-पांच महीना सड़क पर आवागमन बंद रहता है - ग्रामीणों ने बताया बरसात के चार-पांच महीना जोड़ियां में पानी रहने के कारण उक्त सड़क होकर आवागमन बंद रहता है। जोड़ियों में लगातार पानी का बहाव रहने के कारण सड़क पर कीचड़ और पानी जमा हो जाता है। इससे पैदल चलने वालों के साथ-साथ बाइक और अन्य छोटे वाहनों को भी आवागमन में कठिनाई होती है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय इस रास्ते की स्थिति इतनी खराब हो जाती है । कई बार लोगों को वैकल्पिक रास्ते का सहारा लेना पड़ता है।

**दर्जनों गांवों को मिलेगा सीधा लाभ- उक्त सड़क होकर**

जनार्दनपुर से माड़भांगा तक सड़क का निर्माण होने पर सिर्फ एक-दो गांवों को ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। माड़भांगा, सुद्राक्षीपुर, चंद्रपुर, जोकपहाड़ी सहित आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए यह मार्ग बागडेहरी थाना तक पहुंचने का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग बन सकता है। सड़क नहीं रहने से बागडेहरी थाना पहुंचने के लिए बंगाल की ओर से होकर करीब चार किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जनार्दनपुर से माड़भांगा तक करीब दो किलोमीटर सड़क का निर्माण हो जाए तो बागडेहरी थाना और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचना काफी आसान हो जाएगा।

## बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर लौट रही महिला से छिनतई

**बसंतराय।** प्रखंड थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला से झपट्टा मारकर 50 हजार रुपये समेत लेडीज पर्स छीन लिया। घटना बसंतराय-मेदनीचक मुख्य मार्ग पर बेला कित्ता मोड़ के समीप हुई। वारदात के बाद दोनों आरोपी तेज रफ्तार में बाइक से मेदनीचक की ओर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, जमनीकोला गांव निवासी शांति देवी, पति उमेश साह, सोमवार को बसंतराय स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से ब्लू रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उनकी बाइक के पास पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके हाथ से पर्स छीन लिया। अचानक हुई घटना से महिला घबरा गईं और शोर मचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों आरोपी तेज गति से बाइक चलाते हुए मौके से फरार हो चुके थे। पीड़िता के अनुसार, पर्स में बैंक से निकाले गए 50 हजार रुपये के अलावा अन्य सामान भी रखा हुआ था। घटना के बाद पीड़िता तत्काल बसंतराय थाना पहुंचीं और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## आजसू के कार्यकर्ताओं ने कारगिल चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**गोड्डा।** जेपीएससी एवं जेएसएससी में कथित धांधली के खिलाफ आंदोलनरत छात्र-युवाओं पर कथित लाठीचार्ज और आंदोलन को बाधित किए जाने के विरोध में आजसू पार्टी ने सोमवार को कारगिल शहीद वीरेंद्र महतो चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार महतो ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार महतो मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध-प्रदर्शन आम जनता और पीड़ितों का अधिकार है। सरकार को विरोध की आवाज को दबाने के बजाय अपनी गलतियों में सुधार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र-युवाओं के आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस और झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से लाठीचार्ज किया गया। आजसू पार्टी ऐसी दमनकारी नीतियों का विरोध करती है। जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड सरकार मनमानी बंद करे और नौकरी के नाम पर कथित व्यापार बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र-युवाओं के अधिकारों पर डाका डालना बंद होना चाहिए। आजसू नेताओं ने आंदोलन को दबाने में शामिल राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## डॉ. इरफान ने चन्द्रदीपा सड़क का उद्घाटन किया



**जामताड़ा।** चन्द्रदीपा सड़क के उद्घाटन के अवसर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि विकास के मामले में वे किसी तरह का समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।डॉ. अंसारी ने कहा कि चन्द्रदीपा सड़क ग्रामीणों के लिए लंबे समय से जरूरत थी। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में माताएं-बहनें, बच्चे, युवा, छात्र-छात्राएं और बुजुर्ग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए मंत्री के प्रति आभार जताते हुए इसे अपना पुराना सपना पूरा होना बताया।उन्होंने कहा कि उनके लिए सड़क का उद्घाटन केवल विकास योजना का लोकार्पण नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की जीत है। जाति और धर्म से ऊपर उठकर प्रत्येक व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाना उनका संकल्प है।मौके पर मुखिया देवीषण हांसदा, जयराम हांसदा, प्रखंड अध्यक्ष दाऊद अंसारी, मनु राणा, गणेश राणा, निशा पति हांसदा सहित मांझीबाड़ा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


## महागामा में झारोटेफ की आवश्यक बैठक आयोजित, कई अहम निर्णय लिए गए

**महागामा ।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन, महागामा इकाई की एक आवश्यक बैठक रविवार को राजेंद्र स्टेडियम, ऊर्जा नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अनुमंडल प्रभारी मुरारी प्रसाद शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष सह अनुमंडल प्रवक्ता रीतेश रंजन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सबसे पहले कल गिरिडीह में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी गई श्रद्धांजलि सभा की समीक्षा की गई। इसके बाद आगामी दिनों में आयोजित होने वाले पत्रकार सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तय की गई। साथ ही वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान में तेजी लाने हेतु रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान हाशमी, प्रखंड सचिव गंगेश गुंजन, प्रखंड कोषाध्यक्ष अब्दुल शकूर, निलेश कुमार, राजेंद्र पंडित, सनातन कुमार दास, सुनील पंडित, नियाज अहमद, शहजाद अनवर, कमर मुश्तर सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## जीएम कार्यालय मार्ग पर स्पीड ब्रेकर से लोग परशान , उठाई मांग

**चित्तरंजन।** चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के जीएम कार्यालय के सामने सड़क पर हाल में लगाए गए चार नए स्पीड ब्रेकर को लेकर चिरेका लेबर यूनियन ने आपत्ति जताई है। यूनियन की महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त संयोजक ने 13 अगस्त को डिप्टी चीफ इंजीनियर को पत्र भेजकर इन स्पीड ब्रेकरों की व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की है।पत्र में कहा गया है कि यातायात सुरक्षा के लिहाज से वाहनों की गति नियंत्रित करना जरूरी है, लेकिन एक ही स्थान पर चार स्पीड ब्रेकर होने से आवागमन में अनावश्यक परेशानी हो रही है। खासकर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों तथा रीढ़ और कमर की समस्या से जूझ रहे लोगों को इससे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया एवं छोटे वाहनों के चालकों को भी नियंत्रित गति के बावजूद झटकों की समस्या होती है। यूनियन ने संख्या कम करने अथवा सड़क संकेत, रंबल स्ट्रिप और लेन मार्किंग जैसे वैकल्पिक उपाय अपनाने का सुझाव दिया है।

## देवली में पोषण माह मना, हरी सब्जियों और मौसमी फलों के सेवन पर दिया जोर



संवाददाता, नाला (जामताड़ा)~ विभागीय निर्देश के आलोक में सोमवार को नाला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवली(-कुलडंगाल) गांव में पोषण माह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जल सहिया मल्लिका नंदी ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका, अभिभावक, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं समेत ग्रामीणों की उपस्थिति में पोषक तत्वों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को पोषण और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि हमारे आसपास उपलब्ध हरी पत्तेदार शाक-सब्जियों और मौसमी फलों का भरपूर मात्रा में सेवन करना चाहिए। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध शाक-सब्जियों में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों की भी जानकारी दी गई। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के प्रति जागरूक किया गया।

## शांति, स्वतंत्रता और समानता का बुनियादी स्तंभ है लोकतंत्र

लोकतंत्र केवल मतपत्र पर लगाई गई मुहर का नाम नहीं है। यह उस विश्वास का नाम है जिसमें प्रत्येक नागरिक को अपनी आवाज, अपनी गरिमा और अपने अधिकारों के साथ राष्ट्र-निर्माण में सहभागी होने का अवसर मिलता है। एक तरह से शांति, स्वतंत्रता, समानता एवं सह-जीवन का बुनियादी स्तंभ है लोकतंत्र। हर वर्ष 15 सितंबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस इसी लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2007 में इस दिवस की स्थापना की थी और 2008 से इसका आयोजन हो रहा है। 2026 में अंतर-संसदीय संघ-आईपीयू ने लोकतंत्र दिवस के लिए ÷मानवाधिकारों को केंद्र में लाएं÷ को प्रमुख विषय बनाया है। इसका संदेश स्पष्ट है कि मानवाधिकार लोकतंत्र के सजावटी तत्व नहीं, बल्कि उसकी बुनियादी शर्त हैं। मानवाधिकार सुरक्षित नहीं हैं तो चुनाव, संसद और संविधान की मौजूदगी के बावजूद लोकतंत्र अधूरा रहेगा।आज दुनिया के सामने लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या लोकतंत्र केवल संस्थागत ढांचे के रूप में जीवित है या उसके भीतर नागरिक स्वतंत्रता, समानता, न्याय, संवाद और मानवीय गरिमा भी सुरक्षित है? संयुक्त राष्ट्र की 2026 में लोकतंत्र को केवल चुनावों तक सीमित न मानते हुए मानवाधिकार, कानून के शासन और नागरिकों की सार्थक भागीदारी को उसकी अनिवार्य आत्मा माना गया है। लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि सत्ता का अंतिम स्रोत जनता होती है। लेकिन इसकी कमजोरी भी यहीं से शुरू होती है। जब जनता अपनी जिम्मेदारी भूल जाती है, जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक रहते हैं लेकिन कर्तव्यों के प्रति उदासीन हो जाते हैं, जब चुनाव जाति, धर्म, क्षेत्र, धनबल, बाहुबल या झूठे प्रचार के प्रभाव में आने लगते हैं, तब लोकतंत्र का बाहरी ढांचा तो बचा रहता है, लेकिन उसकी आत्मा कमजोर होने लगती है।आज दुनिया के अनेक देशों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ रहा है, संस्थाओं की स्वतंत्रता पर सवाल उठ रहे हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर दबाव दिखाई देता है तथा सत्ता के केंद्रीकरण की प्रवृत्ति कई समाजों में चिंता का कारण बन रही है। लोकतंत्र के नाम पर चुनाव हो जाना पर्याप्त नहीं है। यदि चुनाव के बाद नागरिकों की आवाज को महत्व न मिले, विपक्ष को शत्रु समझा जाए, मीडिया स्वतंत्र न रहे, न्यायपालिका पर दबाव हो और सत्ता जवाबदेही से मुक्त होने लगे, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे बहुमत की निरंकुशता में बदल सकता है। महात्मा गांधी का लोकतंत्र संबंधी चिंतन आज भी इस संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा था- ÷मेरे विचार में लोकतंत्र में सबसे कमजोर व्यक्ति को वही अवसर मिलना चाहिए, जो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति को मिलता है।÷ गांधी के लिए लोकतंत्र केवल राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने की व्यवस्था नहीं था, बल्कि कमजोर से कमजोर व्यक्ति का सम्मान, अवसर और न्याय उपलब्ध कराने की व्यवस्था था। वे लोकतंत्र को अहिंसा, अनुशासन, आत्मसंयम और नागरिक चेतना से जोड़ते थे। उनका स्पष्ट विचार था कि लोकतंत्र हिंसा और असत्य के सहारे कायम नहीं रह सकता। विंस्टन चर्चिल का प्रसिद्ध कथन भी लोकतंत्र की वास्तविक प्रकृति को समझने में मदद करता है÷ ÷लोकतंत्र शासन की सबसे खराब प्रणाली है, उन सभी प्रणालियों को छोड़कर जिन्हें आजमाया जा चुका है।÷ यह कथन लोकतंत्र की कमियों को स्वीकार करते हुए भी उसकी श्रेष्ठता को रेखांकित करता है। लोकतंत्र पूर्ण व्यवस्था नहीं है, लेकिन इसमें आत्म-सुधार की क्षमता है। जनता सरकार को चुन सकती है, उसकी आलोचना कर सकती है और आवश्यकता पड़ने पर उसे बदल सकती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है-सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण। जहां सत्ता परिवर्तन के लिए हिंसा, क्रांति या रक्तपात की आवश्यकता नहीं पड़ती और मतदाता अपनी इच्छा से सरकार बदल सकता है, वहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। लेकिन इसके लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था, स्वतंत्र न्यायपालिका, स्वतंत्र मीडिया और सक्रिय नागरिक समाज आवश्यक हैं। आज लोकतंत्र के सामने एक नई और जटिल चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और डिजिटल तकनीक के रूप में भी सामने आई है। तकनीक लोकतंत्र को अधिक सहभागी और पारदर्शी बना सकती है। सरकारी योजनाओं की निगरानी, नागरिक शिकायतों के समाधान, नीति-निर्माण में

# महंगाई और कर्ज की मार से आम आदमी हलाकान



सनत जैन

भारत में कर्ज और महंगाई की मार से आम आदमी बुरी तरह से परेशान है। इसमें कोई राहत मिलती हुई दिख नहीं रही है। उल्टे महंगा कर्ज और ईएमआई बढ़ने से आम आदमी बहुत परेशान हैं। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया रिसर्च की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि महंगाई को देखते हुए रिजर्व बैंक आफ इंडिया आने वाले समय में रेपो रेट और भी बढ़ा सकता है। रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट बढ़ने का असर सबसे ज्यादा आम आदमियों की ईएमआई और कर्ज के रूप में पड़ेगा। आम आदमी के ऊपर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता चला जा रहा है। नियमित खर्चे के लिए उसे कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। महंगाई हर महीने बढ़ती चली जा रही है। महंगाई पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है। लगता है आम आदमी को कारोबारियों के भरोसे छोड़ दिया गया है। बाजार में मुनाफाखोरी लगातार बढ़ती चली जा रही है। स्टेट बैंक की जो रिपोर्ट जारी हुई है, उसके अनुसार जनवरी 2026 तक 22 वस्तुओं तक महंगाई सीमित थी अब वह बढ़कर 53 वस्तुओं पर पहुंच गई है। पेट्रोल, डीजल, गैस, दवाइयां और इलेक्ट्रॉनिक की लागत बढ़ने से इनकी कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड आइल की कीमत बढ़ने से इसका असर हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ने के तौर पर हो रहा है। हाल ही में खाड़ी देशों के तीनों मार्गों से जहाजों की आवाजाही बंद है। अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। हुती हमले के बाद स्थितियां और भी नाजुक होती चली जा रही हैं। महंगाई, कर्ज और बेरोजगारी के साथ-साथ अब आर्थिक मंदी का संकट भी बड़ी तेजी के साथ गहरा रहा है। इसका असर वैश्विक स्तर पर हो रहा है। भारत में जिस तरह से महंगाई बढ़ती चली जा रही है, सरकार मुनाफाखोरी और महंगाई को रोकने की दिशा में ऐसा कोई प्रयास करती हुई नहीं दिख रही है, जिससे ऐसा लगे कि सरकार को आम आदमी की चिंता है। जिसके कारण अब आम जनता में तनाव भी देखने को मिल रहा है। भारत में पिछले वर्षों में कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। आम आदमी के ऊपर ब्याज और ईएमआई का दबाव लगातार बढ़ता चला जा रहा है, ऐसी स्थिति में रिजर्व बैंक की रेपो रेट को बढ़ाने से इसका असर गरीब और मध्यम वर्ग पर बड़े पैमाने पर होगा। महंगाई के कारण आम आदमी अपने रोजाना के खाने-पीने के खर्च और शिक्षा के खर्चे पूरे नहीं कर पा रहा है। महंगाई के कारण किचन में तेल और जरूरी सामान कम होते चले जा रहे हैं। बच्चों को पोषण आहार भी नहीं मिल पा रहा है।

लोगों को लगता था सरकार महंगाई और मुनाफाखोरी पर नियंत्रण करेगी, लेकिन नियंत्रण के स्थान पर जिस तरह से कीमत बढ़ रही है और ब्याज दर भी बढ़ती चली जा रही है। ईएमआई में डिफॉल्ट होने के कारण एनबीएफसी कंपनियां और बैंकों द्वारा मनमाना ब्याज और जुर्माना वसूल किया जा रहा है। जिसके कारण आम आदमी की नाराजी लगातार बढ़ती चली जा रही है। सरकार को समय रहते इस दिशा में उपयुक्त कार्रवाई करने की जरूरत है। जिस तरीके से लोग परेशान हैं, महंगाई के कारण रोजाना तनाव में जीना पड़ रहा है। जरूरी खर्च के लिए अब उसे कर्ज भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। महंगाई और मुनाफाखोरी दोनों पर ही समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो हालत बद से बदतर हो सकते हैं। जिस तरह के हालात 1975 में बने थे। इस तरह के हालात अब बनते हुए दिख रहे हैं। जिन्होंने आपातकाल के पहले की महंगाई और मुनाफाखोरी को देखा है। उस समय के लोगों का कहना है, वर्तमान हालात उससे भी खराब हैं। स्थितियां अभी भी नियंत्रण में नहीं हैं। कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं, कहा जा रहा है कि 120 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच सकते हैं। ऐसी स्थिति में महंगाई को काबू में कर पाना सरकार के लिए और भी मुश्किल होगा। बेरोजगारी और काम नहीं होने के कारण आम आदमी की हालत वैसे ही खराब है। महंगाई ने जीना पूरी तरह से हराम कर दिया है। छोटे बच्चों को अब दूध भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों में गुस्सा बढ़ता चला जा रहा है।

# बीज कानून : किसान की ढाल या बाजार का कवच

**कुमार कृष्णन**

किसान जब खेत में बीज डालता है तो केवल फसल नहीं बोता, वह अपनी अगली फसल, परिवार की जरूरत और कर्ज चुकाने की उम्मीद भी बोता है। बीज खराब निकला तो नुकसान केवल बीज के पैकेट की कीमत तक सीमित नहीं रहता। खेत की तैयारी, खाद, सिंचाई, मजदूरी और पूरा मौसम दांव पर लग जाता है। इसलिए नए बीज कानून की जरूरत पर बहस से ज्यादा जरूरी सवाल यह है कि उसके केंद्र में कौन होगा–किसान या बीज बाजार?

10 सितंबर को नई दिल्ली के कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ देशभर के सौ से अधिक किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की संवादात्मक बैठक में यही सवाल अलग-अलग रूपों में सामने आया। बीज क्षेत्र के नियामक ढांचे और प्रस्तावित कानून पर सुझाव मांगे गए। सरकार का मानना है कि बीज अधिनियम, 1966 और बीज नियंत्रण आदेश, 1983 बदलती कृषि व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। नवंबर-दिसंबर 2025 में मसौदे पर करीब 18 हजार सुझाव मिलने के बाद भी सरकार ने किसान संगठनों के साथ संवाद जारी रखा है। कानून लाने की कोई समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है।

सरकार का यह संवाद जारी रखना स्वागतयोग्य है। क्योंकि बीज कानून केवल नकली और घटिया बीजों पर लगाम लगाने का कानून नहीं होगा। यह तय करेगा कि बीज की गुणवत्ता का जोखिम कौन उठाएगा, किसान को नुकसान होने पर न्याय कितनी जल्दी मिलेगा और देश की पारंपरिक बीज-संपदा पर किसका अधिकार सुरक्षित रहेगा।

किसान महापंचायत ने नकली और बांझ बीज के मामलों में कठोर दंड, प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा, कंपनियों की जवाबदेही और शिकायतों की जांच की मांग की है। बीज से जुड़ी समितियों में किसानों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मांग भी महत्वपूर्ण है।

लेकिन जुर्माना और मुआवजा एक बात नहीं हैं। कंपनी पर कार्रवाई हो जाए और किसान मुआवजे के लिए वर्षों भटकता रहे तो कानून की कठोरता उसके किस काम की? किसान के लिए न्याय की पहली शर्त समय पर राहत है।

यहीं प्रगतिशील कृषि मंच के राष्ट्रीय संयोजक किशोर जायसवाल का सुझाव महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने खराब बीज से जुड़े विवादों और क्षतिपूर्ति के लिए स्वतंत्र शिकायत निवारण अधिकारी या ओम्बड्समैन जैसी व्यवस्था का सुझाव दिया है। किसान के पास ऐसी संस्था होनी चाहिए, जहां शिकायत दर्ज करना आसान हो, जांच निष्पक्ष और वैज्ञानिक हो, जिम्मेदारी तय की जा सके और मुआवजा समयबद्ध मिले।

आज स्थिति यह है कि किसान के पास न अपनी प्रयोगशाला होती है, न विशेषज्ञों की टीम और न ही बीज कंपनी के बराबर कानूनी संसाधन। यदि खराब बीज साबित करने का पूरा बोझ उसी पर डाल दिया गया तो न्याय की शुरुआत ही असमान जमीन से होगी। इसलिए शिकायत व्यवस्था किसान-पक्षधर होने के साथ वैज्ञानिक और स्वतंत्र भी होनी चाहिए।

इसका अर्थ यह भी नहीं कि हर फसल खराब होने को खराब बीज मान लिया जाए। मौसम, मिट्टी, सिंचाई, कीट और कृषि पद्धति भी उत्पादन को प्रभावित करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक जांच जरूरी है। सवाल कंपनी को पहले से दोषी मानने का नहीं, बल्कि किसान को कमजोर पक्ष मानते हुए निष्पक्ष जांच की व्यवस्था बनाने का है।

नए कानून की दूसरी बड़ी परीक्षा नियमन और किसान की स्वतंत्रता के बीच संतुलन की होगी। बीज का पंजीकरण, गुणवत्ता निगरानी, बीज की पहचान और आपूर्ति-श्रृंखला पर नजर नकली बीजों के खिलाफ जरूरी कदम हैं। लेकिन नियमन ऐसा नहीं होना चाहिए कि उसकी सबसे बड़ी कीमत किसान ही चुकाए।

भारत की खेती एकरूप नहीं है। पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार और झारखंड की मिट्टी, मौसम और कृषि परंपराएं अलग हैं। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित बीजों की अपनी उपयोगिता है। इसलिए राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक जरूरी हैं, लेकिन राज्यों, कृषि संस्थानों और किसानों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। केंद्रीय कानून कृषि की इस विविधता को एकरूप प्रशासनिक व्यवस्था में बदल दे, यह जोखिम नहीं लिया जा सकता।

सबसे संवेदनशील सवाल किसान के अपने बीज का है। सरकार की ओर से कहा गया है कि किसान पारंपरिक और कृषक किस्मों के बीजों का उपयोग, आदान-प्रदान और बिक्री कर सकेंगे तथा इसके लिए अनिवार्य पंजीकरण नहीं होगा। यह आश्वासन महत्वपूर्ण है। लेकिन किसान के अधिकार का सबसे सुरक्षित स्थान सरकारी बयान नहीं, कानून की स्पष्ट धारा होती है।

भारत की कृषि की असली पूंजी केवल प्रयोगशालाओं में विकसित उच्च उत्पादकता वाली किस्में नहीं हैं। गांवों और खेतों में पीढ़ियों से बचाए गए स्थानीय बीज भी इस पूंजी का हिस्सा हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर में इनकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। सूखा, बाढ़, तापमान में वृद्धि और नए रोगों के बीच विविध बीज कृषि को संकट से उबरने के अधिक विकल्प देते हैं।

किशोर जायसवाल ने इसलिए देशी और पारंपरिक बीजों तथा उनके सुरक्षित भंडार के संरक्षण की मजबूत संस्थागत व्यवस्था का सुझाव दिया है। संबंधित संस्थाओं को सुरक्षित बीज भंडार की जिम्मेदारी देने और उन्हें नियामक व्यवस्था से जोड़ने की बात भी महत्वपूर्ण है।

लेकिन बीज संरक्षण का अर्थ किसान से उसकी बीज-संपदा लेकर किसी संस्था के गोदाम में बंद कर देना नहीं हो सकता। संरक्षण तभी सार्थक है जब किसान उस बीज का उपयोगकर्ता ही नहीं, उसके अधिकार का वास्तविक भागीदार भी बना रहे। बीज बचाने की व्यवस्था किसान के साथ होनी चाहिए, किसान से अलग नहीं।

जायसवाल का तीसरा सुझाव कृषि अनुसंधान को पर्याप्त नीतिगत समर्थन और संसाधन देने का है। इसे भी बीज कानून की बहस के केंद्र में होना चाहिए। जलवायु परिवर्तन ने कृषि अनुसंधान की प्राथमिकताएं बदल दी हैं। अब केवल अधिक उत्पादन देने वाली किस्में पर्याप्त नहीं हैं। कम पानी में टिकने वाली, अधिक तापमान सहने वाली, बाढ़ या सूखे के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाली और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल किस्मों की जरूरत है। इसके साथ यह भी जरूरी है कि विकसित बीज किसानों तक समय पर और उचित कीमत पर पहुंचें। निजी क्षेत्र का अनुसंधान कृषि के लिए उपयोगी है, लेकिन हर कृषि समस्या बाजार के लिए लाभकारी नहीं होती। छोटे किसानों, कम लाभ वाली फसलों और दूरदराज के क्षेत्रों की जरूरतों पर सार्वजनिक अनुसंधान संस्थानों को भी काम करना होगा। खाद्य सुरक्षा और कृषि विविधता को पूरी तरह बाजार की लाभ-प्रेरणा पर छोड़ देना जोखिम भरा होगा।


## पाकुड़ की खबरें

## छोटी अलीगंज में मनाई गई गणेश चतुर्थी



**पाकुड़।** शहर के छोटी अलीगंज वार्ड संख्या-3 में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मंडली के युवाओं द्वारा धूमधाम से गणेश पूजा का आयोजन किया गया। आकर्षक रोशनी और साज-सज्जा से पूजा पंडाल को भव्य रूप दिया गया। पूजा को लेकर मोहल्ले में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा।पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि एवं हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विकास, जनकल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि छोटी अलीगंज में कई वर्षों से गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ बच्चों और युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना भी है।आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष लक्ष्मण राय, कोषाध्यक्ष कौशिक सिंह के अलावा समीर राय, अनुज राय, बिक्की सरकार, रॉकी रविदास, सुबल रविदास, गिरिधारी सरकार, कृष्णा कर्मकार, अदायतो सरकार, रोहित राउत, विजय सरकार, रोहित राय, भुवनेश्वर गौंड, विक्रम राय सहित कमेटी के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।कमेटी ने बताया कि 15 सितंबर को महाभोग खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस समारोह



पाकुड़। जिला मुख्यालय के शहरकोल स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में रविवार देर शाम को परिषद का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर परिषद के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, इस्कॉन मंदिर के संत दामोदर दास जी, आरएसएस के मुकेश जी, मृत्युंजय घोष, साहिबगंज विभाग मंत्री अरविंद घोष, प्रांत सेवा विभाग टोली के अशोक वर्मा, श्याम यादव, जिला मंत्री विशाल भगत, सेवा विभाग के विजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मनोज पोद्दार ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद 'धर्मो रक्षति रक्षिता÷' के मूल मंत्र पर कार्य करती है। विश्व के हिंदुओं को एकजुट करने और संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से वर्ष 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन संत-महात्माओं की उपस्थिति में परिषद की स्थापना की गई थी।उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका रही और लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर स्थापित हुआ। हालांकि अब भी धर्मांतरण, गौ रक्षा, संस्कृति तथा मठ-मंदिरों की रक्षा जैसी कई चुनौतियां समाज के सामने हैं। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होकर अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।



कैंब्रियन स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

## पाकुड़ रेलवे मैदान में विघ्नहर्ता गणेश की हुई पूजा-अर्चना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता एवं मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की आराधना सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, रेलवे मैदान, पाकुड़ के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय गणपति महोत्सव के तहत विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा गणपति की पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई। सुबह से ही पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरा रेलवे मैदान ÷गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया÷ के जयघोष से गूंजता रहा।

पूजा के शुभारंभ से पूर्व पुरोहित सजल चटर्जी एवं सुकांतो सहाना के नेतृत्व में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ रेलवे पोखर पहुंचे। वहां विधि-विधान से कलश में पवित्र जल भरकर उसे पूजा पंडाल लाया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि एवं मंगलाचरण के बीच कलश स्थापित कर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना प्रारंभ की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के चरणों में शीश नवाकर सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्य एवं परिवार के मंगल की कामना की। भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। संध्या प्रहर महाआरती एवं प्रसाद वितरण के बाद मोनी व्यास एवं उनकी टीम द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। बिहार, झारखंड एवं बंगाल से पहुंचे कलाकारों ने भगवान गणेश को समर्पित एक से बढ़कर एक भक्ति गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी।श्रद्धालु भक्ति संगीत पर झूमते हुए बाबा गणपति के जयकारे लगाते नजर आए।इस अवसर पर पूजा समिति के संस्थापक हिसाबी राय ने कहा कि रेलवे मैदान, पाकुड़ में पिछले 28 वर्षों से लगातार बाबा गणपति की पूजा-अर्चना की जा रही है। उन्होंने कहा कि गणपति महोत्सव अब पाकुड़ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। बाबा गणपति के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पाकुड़ जिले के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि पर्व के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करना है।



## गणेश चतुर्थी पर पाकुड़ पुलिस अलर्ट

**पाकुड़।** गणेश चतुर्थी के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पाकुड़ पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही । विभिन्न मंदिरों, पूजा पंडालों, संवेदनशील एवं धार्मिक स्थलों तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल को हेलमेट, लाठी, बॉडी प्रोटेक्टर, टीजीडी गन आदि दंगा रोधी उपकरणों के साथ तैयार रखा गया है। साथ ही, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।विधि-व्यवस्था संधारण के लिए गठित क्यूआरटी के पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, जवानों, गृह रक्षकों एवं चौकीदारों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। क्यूआरटी के जवानों को अपने-अपने निर्धारित स्थान पर सुरक्षा उपकरणों के साथ मौजूद रहने को कहा गया है। संबंधित थाना प्रभारी - ओपी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक की अनुमति के बिना क्यूआरटी बल की नफरी नहीं तोड़ने तथा आवश्यकता के अनुसार क्यूआरटी का उपयोग करने को कहा गया है।वहीं, विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त अन्य बलों को भी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। जिला पुलिस कप्तान ने पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए आम लोगों से सहयोग की अपील की है।

## भाजपा का सेवा संकल्प अभियान



पाकुड़। भाजपा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ÷सेवा संकल्प अभियान÷ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिले के सभी बूथों पर 17 सितंबर की शाम सात बजे लाभार्थियों के घरों में 'आशीर्वाद का दीप' जलाया जाएगा। इसके अलावा चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी सम्मान, मातृ संवाद, सेवा कार्य, सेवा ज्योति कलश यात्रा, 'सरकार आपके द्वार' सहित विभिन्न जनसेवा एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा और गरीब, वंचित एवं जरूरतमंदों के कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने और अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।प्रेसवार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, दुर्गा मरांडी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुग्रहित प्रसाद साह, सम्पा साहा, सुशील साहा, सोहन मंडल, कर्ण मंडल, बहादुर मंडल, दीपक साह, पंकज साह, पवन भगत, पार्वती देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर प्रशासन की छापेमारी, अभिलेखों की गहन जांच

**पाकुड़।** डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर एसडीओ साईमन मरांडी के नेतृत्व में गठित जांच दल ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण पीसीपीएनडीटी अधिनियम एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत किया गया। जांच दल ने राहत नर्सिंग होम, लक्ष्मी नर्सिंग होम एवं चांदपुर नर्सिंग होम में संचालित



अल्ट्रासाउंड केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान यूएसजी कक्ष, पृथक शौचालय, प्रतीक्षालय सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं तथा अनिवार्य दस्तावेजों एवं अभिलेखों की जांच की गई।अधिकारियों ने अल्ट्रासाउंड संचालन से संबंधित रिकॉर्ड, आवश्यक दस्तावेज और निर्धारित मानकों के अनुपालन की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जहां आवश्यक पाया गया, वहां संबंधित संचालकों को नियमों के अनुरूप व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में पीसीपीएनडीटी एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। नियमों की अनदेखी या किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित संस्थान के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डी डी एम ए-आई डी एस पी, विनोद वर्मा डी यू एच एम उपस्थित थे।

## ऑपरेशन ऑल आउट में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 153 वारंटों का निष्पादन

पाकुड़। जिले में लंबित वारंटों के निष्पादन को लेकर पाकुड़ पुलिस ने 24 घंटे तक विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर 12 सितंबर की मध्यरात्रि से 13 सितंबर की मध्यरात्रि तक चलाए गए 'ऑपरेशन ऑल आउट' के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई। अभियान में पुलिस ने कुल 153 लंबित वारंटों का निष्पादन किया और लंबे समय से फरार चल रहे छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, निष्पादित वारंटों में 26 गैर-जमानतीय और 127 जमानतीय वारंट शामिल हैं। अभियान के तहत नगर थाना, पाकुड़ मुफस्सिल, पाकुड़िया, मालपहाड़ी, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, अमड़ापाड़ा, रद्दीपुर और सिमलौंग ओपी क्षेत्र में पुलिस टीमों ने एक साथ कार्रवाई की।गैर-जमानतीय वारंटों के निष्पादन में लिट्टीपाड़ा थाना सबसे आगे रहा। यहां 11 गैर-जमानतीय वारंटों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा नगर थाना, मालपहाड़ी ओपी और हिरणपुर थाना क्षेत्र में छह-छह तथा पाकुड़िया थाना क्षेत्र में पांच गैर-जमानतीय वारंटों का निष्पादन किया गया।पुलिस ने बताया कि मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर फरार आरोपियों की पहचान कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। अभियान का उद्देश्य न्यायालय से जारी वारंटों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के साथ फरार अभियुक्तों पर शिकंजा कसना था।एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि जिले में वारंटियों और फरार अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'ऑपरेशन ऑल आउट' के माध्यम से कानून से बचकर चल रहे आरोपियों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## तीज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया



**हिरणपुर ।** हरतालिका तीज का पर्व सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर दिनभर निर्जला उपवास रखा और भगवान शिव, माता पार्वती एवं भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। कई महिलाओं ने मिट्टी से भगवान शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाकर पूजा की। पूजा के दौरान सुहागिन महिलाओं ने तीज व्रत की कथा सुनी गई तथा परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। महिलाओं ने नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार किया और हाथों में मेहंदी रचाई। शाम के समय विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर हरतालिका तीज की कथा सुनी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी आस्था और विश्वास के साथ सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु एवं अखंड सौभाग्य की कामना से यह व्रत रखती हैं।पर्व को लेकर बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही।

## कैंब्रियन स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा और संपर्क की भाषा नहीं, बल्कि आपसी संबंधों को जोड़ने वाली भाषा भी है।उन्होंने कहा कि भारत भाषाई विविधताओं से समृद्ध देश है, जहां अनेक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। इसके बावजूद हिंदी की अपनी विशिष्ट पहचान है। प्राचार्या ने कहा कि हिंदी साहित्य का संसार अत्यंत व्यापक है। यह भारतीय संस्कृति, संवेदनाओं और भावनाओं को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्य करता है।कार्यक्रम के दौरान सिद्धि प्रिया, श्रेया सुमन और शौर्य सिंह ने रामधारी सिंह दिनकर और सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का पाठ किया। प्री-प्राइमरी विंग के बच्चों में हिंदी के प्रति रुचि और भाषाई जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।समृद्धि, निकुंज और लाडली कुमारी ने कविता वाचन किया, जबकि कक्षा दो के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बनाया। कार्यक्रम का संचालन

## हटिया चौक में गणेश पूजा का आयोजन



**देवघर।** रोहिणी हटिया चौक में सोमवार को गणेश पूजा समिति की ओर से गणेश पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। समिति की ओर से इस वर्ष गणेश पूजा का 26वां आयोजन किया जा रहा है। पूजा को लेकर पूरे परिसर में उत्साह का माहौल है। पूजा पंडाल को फूलों और बिजली की आकर्षक सजावट से सजाया गया है। इसके साथ ही हटिया परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया है। पूजा पंडाल का उद्घाटन देवघर नगर निगम के महापौर रवि राउत और वार्ड पार्षद किशोर राव ने फीता काटकर किया। आचार्य दिनेश पाण्डेय ने यजमान अग्नि झा को पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। समिति की ओर से प्रत्येक दिन अलग-अलग भोग की व्यवस्था की गई है। पूजा को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। मौके पर रंजीत बरनवाल मोनू, बिनोद बरनवाल, मौनू झा, आत्मा राउत, सौरभ मिश्रा, मुरारी मंडल, अक्षय कुमार, कुमार हर्ष, संतोष बरनवाल, विक्की कुमार, रितेश सिंह, प्रिंस कुमार, शिव शक्ति, रोबिन सिंह, कन्हैया मिश्रा, वीरेश सिंह, लिटिल राणा, सुमित झा, सिंटू कुमार, अनुराग सिंहा, पवन बरनवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## देवीपुर प्रखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** खेलो झारखंड 2026 के अंतर्गत देवीपुर प्रखंड में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के दौरान बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से संस्था सचिव डॉ. मनोज कौशिक के निर्देशन में खिलाड़ियों के बीच सेवा कार्य किया गया। संस्था द्वारा डाबर कंपनी के सहयोग से उपलब्ध कराए गए ग्लूकोज का वितरण करते हुए करीब 900 बच्चों को ग्लूकोज पिलाया गया। गर्मी और लगातार खेल गतिविधियों के बीच बच्चों को ऊर्जा एवं ताजगी प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। संस्था के इस सराहनीय एवं सेवाभावी कार्य के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील कुमार बरनवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर संस्था प्रतिनिधि राजकुमार को सम्मानित किया। उन्होंने संस्था द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए किए गए कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शिक्षक संदीप कुमार राय एवं उमेश प्रसाद यादव उपस्थित रहे। दो दिनों तक चले इस आयोजन में खेल भावना के साथ बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

## प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स में महेंद्र मुनि स्कूल को दो स्वर्ण और तीन रजत पदक




**मधुपुर ।** 9 से 12 सितंबर को गुमला में आयोजित विद्या विकास समिति की प्रांतीय खेल कूद प्रतियोगिता में महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को दो स्वर्ण और तीन रजत पदक प्राप्त हुए. ऊंची कूद में बाल वर्ग के सुजीत टुडू ने स्वर्ण पदक, किशोर वर्ग के शॉट पुट में परमवीर शाही ने स्वर्ण पदक, ऊंची कूद किशोर वर्ग में परमवीर शाही ने रजत, डिस्कस थ्रो बाल वर्ग में राजू कुमार ने रजत और लंबी कूद में राजू कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया. आज विद्यालय के सभागार में सभी स्थान प्राप्त भैया को पदक और प्रमाण पत्र देकर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मोहन मिश्रा एवं उप प्रधानाचार्य शिवनाथ झा ने सम्मानित किया. ओवर ऑल में विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. विद्यालय के खेल प्रशिक्षक मनीष कुमार ने ओवर ऑल का पुरस्कार प्रधानाचार्य को समर्पित किया. प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक हम अपने मन को, अपने तन को स्वस्थ नहीं रखेंगे तो हमारा सर्वांगीण विकास संभव नहीं है. उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि शरीर स्वस्थ, मन स्वस्थ तो हर काम स्वस्थ ढंग से होगा. हमें इन बातों पर विचार करना चाहिए और हर क्षेत्र में अपने विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए.

## हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मधुपुर ।** स्थानीय राहुल अध्ययन केन्द्र में हिन्दी दिवस मनाया गया. इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जलेस के प्रांतीय सह सचिव, कलमकार धनंजय प्रसाद ने कहा कि आज हिन्दी बाजार की भाषा बनकर उभर है और दुनियां की तीसरी बड़ी भाषा बन गई है , हांलांकि सरकारी उपेक्षाओं के कारण आज तक राष्ट्रीय भाषा नहीं बन पायी है. उन्होंने कहा कि आज के ही दिन 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा संबंधी प्रावधान की स्वीकृति प्रदान की गई थी । 1963 में राजभाषा अधिनियम लाया गया , जिसे 1967 में संशोधित किया गया और 1976 में राजभाषा नियम लाया गया । बावजूद इसके परिणाम वहीं ढाक के तीन पात, लेकिन हिन्दी कार्यान्वयन के नाम पर लाखों - करोडों रुपए का बंदरबांट किया जा रहा है. हांलांकि वर्तमान समय में हिन्दी की राजनीति बदल गई है. इसका भौगोलिक, सामाजिक नक्शा बदल गया है. सूचना क्रांति के दौर में आज संस्कृति, विचार , सोच फैशन के साथ - साथ भाषा में भी तेजी से बदलाव आया है. मौजूदा हिन्दी हिंग्लिश बन गया है. हिंग्लिश रुपी हिन्दी से अस्तित्व पर खतरा बढ़ है. जरुरत है साकारात्मक रुप से हिंदी के विकास के लिए पहल करने की, तभी हिन्दी का भविष्य उज्ज्वल हो सकता हैं. उपस्थित बुद्धिजीवी व पत्रकारों ने अपने व्यक्त किये.

## रेलवे सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



**मधुपुर ।** आरपीएफ पोस्ट द्वारा क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन जन जागरण के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ मधुपुर के नेतृत्व में विद्यालयों, गांवों और रेलवे लेवल क्रॉसिंग के आसपास लोगों एवं विद्यार्थियों को रेलवे नियमों की जानकारी दी जा रही है.आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और लाइन पार करने के लिए निर्धारित रास्ते व रेलवे क्रॉसिंग का उपयोग करने की अपील की. चलती ट्रेन पर पत्थर नहीं फेंकने और बिना कारण चेन पुलिंग नहीं करने की हिदायत दी गई. यात्रियों को अनजान लोगों से खाद्य सामग्री नहीं लेने तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने को कहा गया. सुरक्षा संबंधी शिकायत या आपात स्थिति में रेलवे हेल्पलाइन 139 का उपयोग करने की अपील की गई.

# मधुपुर में भक्तिमय माहौल में मनी गणेश पूजा











**संवाददाता**

**मधुपुर ।** गणेश पूजा से शहर में भक्ति का माहौल है. गणपति बप्पा मोरया से पूरा शहर गुंजायमान हो रहा है. सोमवार को शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमा की पुरोहितों द्वारा पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गई. शहर समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में भक्तिभाव के साथ गणेश चतुर्थी मनाया जा रहा है. शहर के गांधी चौक में गीतांजलि क्लब द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल तैयार किया गया है. कोलकाता के हस्तकला के प्रसिद्ध कारीगर सोमनाथ दास द्वारा भव्य कलाकृति के तहत यहां इंडिया फोक आर्ट मधुबनी को दर्शाया गया है. पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बप्पा को वेदी पर स्थापित कर पूजा की गई. पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शंभु खंडेलवाल, अनूप विश्वकर्मा, विकास कनोई, ऋषभ डालमिया, पिटू वर्णवाल, अमित विश्वकर्मा, मुन्ना, दीपक मिश्रा, दीपक गुप्ता, उमंग डालमिया, क्षितीज जयसवाल, आदि लगे हुए हैं. सुबह से ही घर-घर और भव्य पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई, साथ ही पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ. शहर के गांधी चौक, रामजस रोड, भेड़वा, कॉलेज रोड सहित अन्य पजगहों पर श्रद्धालुओं ने सुख-शांति की कामना करते हुए भगवान गणेश की आराधना की. पूरे शहर में भक्ति का माहौल व्याप्त रहा. गीतांजलि क्लब ने बंगाली कारीगरों से बनवाया आकर्षक झारखंड-उड़ीसा थीम पंडाल सांस्कृतिक विरासत की झलक भव्य पंडाल में देखने को मिला. इसके अलावा पूरे गांधी चौक को दुल्हन की तरह आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया गया है. दूधिया रोशनी से जगमगाते बड़े-बड़े गेटों ने वातावरण को मनमोहक बना दिया. श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

रामयश रोड गणेश पूजा समिति- लालबाग के राजा की थीम पर पंडाल

रामयश रोड गणेश पूजा समिति द्वारा इस बार मुंबई के लालबाग के राजा की थीम पर पूजा पंडाल बनाया गया है। साथ ही बंगाल से लाई गई विद्युत लाइट से नीमतल्ला रोड को सजाया गया है। पूजा के सफल संचालन को लेकर समिति के अध्यक्ष शंभु केसरी, सरोज साह, अमिताभ गुप्ता, रवि प्रकाश, संतोष साह, रवि मोदी, धीरज बारी, कुंदन गिरि, विकास गिरि, आलोक वर्मन, मनोज सोनी, अमित केसरी, सूरज साह, अमन साह, विजय लक्ष्मीरामका, धीरज केसरी, अजय साह आदि लगे हुए हैं.

भेड़वा कुम्हारटोली स्थित श्री श्री सिद्धि विनायक मंदिर समिति द्वारा एक भव्य और विशाल प्रतिमा स्थापित की गई, जहाँ पुरोहितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया. इस स्थान की खास बात यह है कि यहाँ एक स्थायी भव्य प्रतिमा है, जिसके समक्ष हर वर्ष पूजा का आयोजन किया जाता है वही केवल कलश का विसर्जन किया जाता है.

## देवघर में भीम आर्मी का पुनर्गठन कमलेश कुमार फिर बने जिलाध्यक्ष



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** सोमवार को देवघर जिले में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश महासचिव राजेश कुमार दास के नेतृत्व में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश राम एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव बासुदेव बौद्ध शामिल हुए। पुनर्गठन के तहत देवघर जिला कमेटी का विस्तार करते हुए संगठन को नई गति देने के लिए प्रदेश कमेटी ने एक बार फिर कमलेश कुमार को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। कमलेश कुमार पूर्व में भी जिलाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। वहीं, प्रखंड सचिव रहे रवि रंजन को जिला उपाध्यक्ष तथा मुकेश दास को जिला सचिव नियुक्त किया गया। अन्य कार्यकर्ताओं को उनके पूर्व पदों पर ही बनाए रखा गया।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेश राम ने कहा कि नई गठित जिला कमेटी के माध्यम से देवघर जिले में संगठन का विस्तार अब दोगुनी रफ्तार से किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार, प्रभारी संजय दास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति जन जागरूकता यात्रा 18 को पहुंचेगी मधुपुर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** कुंडू बंगाल स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशा मुक्ति तीन दिवसीय भारत जन जागरूकता यात्रा को लेकर सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई. जिसमें भारत सरकार के साथ जो समझौता किया गया है, उसमें 10 करोड़ नशा मुक्ति भारत अभियान का आयोजन किया गया है. इस अभियान के तहत झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा 7 अगस्त को जमशेदपुर से रथ का प्रारंभ किया गया है, जो 18 सितंबर को मधुपुर पहुंचेगा. इसके बाद 19 से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे. वहीं, यह अभियान झारखंड के सभी जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए नशा मुक्ति भारत अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेगा. नशामुक्त भारत अभियान का उद्देश्य जन-जन तक पहुंचना है. इस यज्ञ में 12 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग शामिल होते हैं, जिसमें एक परिवार में रहने वाले भाई-बहन, माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी तथा अन्य सदस्य सम्मिलित होते हैं.

## बासुकीनाथ धाम में पूजा करने आए संतोष की मौत

### गांव से साथ आए ग्रामीणों पर पीट-पीटकर हत्या का आरोप

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी।** बिहार के जिला अरवल, फखरपुर नोनिया बिगड़ा गांव से गांव के ग्रामीणों के साथ पूजा करने बासुकीनाथ धाम आए संतोष कुमार की हत्या करने का आरोप उसके परिवार वालों ने साथ आज ग्रामीणों पर लगाया है। इस संदर्भ में रिंकु कुमारी के लिखित शिकायत पर 13 सितम्बर को जरमुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। रिंकु कुमारी ने पुलिस को दिये आवेदन में गांव के ही ग्रामीणों पर आरोप लगाकर बताया है कि उसके पति संतोष कुमार की हत्या गांव के रजनीश कुमार, भीम कुमार, अर्जुन कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, धनंजय कुमार, पिंटु कुमार, मनीष कुमार, प्रहलाद यादव, सत्येंद्र कुमार ने पीट-पीट हत्या कर दी है। रिंकू कुमारी ने जरमुंडी थाना में लिखित आवेदन में बताया कि 18 अगस्त 2026 को गांव के सभी लोग मेरे पति संतोष कुमार को साथ लेकर पिकअप वैन रिर्जव कर पूजा करने बासुकीनाथ धाम पहुंचे थे। सभी लोग वापस घर चले आये लेकिन संतोष नहीं पहुंचा। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था। रिंकू ने कहा कि आरोपियों ने बताया कि वह मर गया है, जब भतीजा के साथ खोजबीन करने के लिए बासुकिनाथ पहुंचे, तो पता चला कि जरमुंडी थाना क्षेत्र के जमुआ गांव के समीप उसके पति के साथ मारपीट कर हत्या कर शव को फेंक दिया है। पुलिस ने उठाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। रिंकू ने पुलिस को बताया कि गांव के अरविंद कुमार व रितेश कुमार ने कहा कि छह साल पूर्व उसके साथ जो घटना घटी थी उसकी पुनावृति की गयी, अब मन को जाकर शांति मिली है। इधर, रिंकू की लिखित शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 109, 103(1), 3(5)के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, पति की दीर्घायु के लिए मांगा आशीर्वाद

### भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का किया पूजन



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** भाद्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाए जाने वाले अखंड सौभाग्य के महापर्व हरितालिका तीज पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और निर्जला उपवास रखा। यह पर्व पति-पत्नी के प्रगाढ़ रिश्ते को मजबूती प्रदान करता है, जिसके तहत महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर माता पार्वती से अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। रविवार की मध्य रात्रि में फल और मीठा खाकर सरगही करने के बाद महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला व्रत रखा। शाम को तालाब और नदियों से लाई गई मिट्टी से भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनाकर सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। आचार्य जितेंद्र पांडेय ने व्रत की महत्ता बताते हुए कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इसी कठिन व्रत को किया था और सुयोग्य वर की कामना के लिए कुंवारी कन्याएं भी यह व्रत रख सकती हैं। व्रत का समापन बुधवार की सुबह तालाब और नदियों में शिव-पार्वती की मूर्तियों और पूजा सामग्री के विसर्जन के साथ पारण किया जाएगा।

## जोगडीहा में धूमधाम से मनी गणेश पूजा



**देवघर।** जिले के देवघर प्रखंड अंतर्गत ग्राम जोगडीहा में गणेश पूजा का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूजा के सफल आयोजन में ग्रामीणों और युवाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन में डॉ. अजय चौधरी, शिवानंद राय, आशीष राय, गौरब राय, नीतय राय, रिशु राय, रोशन, सूरज, गौरांग, रुपेश, प्रशांत और राहुल ने सहयोग किया।

## हिंदी दिवस पर डीएवी स्कूल में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं




**देवघर।** गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति सम्मान, प्रेम और जागरूकता बढ़ाना था। कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन लेखन, कक्षा पांचवीं के लिए पोस्टर मेकिंग तथा कक्षा छठी और सातवीं के लिए अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता हुई। स्लोगन लेखन में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा का महत्व, राष्ट्र की शान हिंदी और मातृभाषा का सम्मान जैसे विषयों पर नारे लिखे। पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका को दर्शाया। वहीं, अनुच्छेद लेखन में हिंदी की वर्तमान स्थिति, उपयोगिता और भविष्य में इसके महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य शुभाशीष चट्टराज ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी शिक्षक मनोज कुमार प्रसाद, सर्वेश्वर पांडेय, गंगाधर झा और रश्मि कुमारी सिंह का योगदान रहा। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दी।

# जसीडीह सीएचसी में डिजिटल हुई स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों के इलाज का रिकॉर्ड अब सिस्टम में सुरक्षित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जसीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। यहां मरीजों के इलाज से संबंधित कई जरूरी प्रक्रियाएं अब डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही हैं।

मरीज के अस्पताल पहुंचने से लेकर पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, जांच, दवा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारियों का रिकॉर्ड डिजिटल सिस्टम में दर्ज किया जा रहा है। इससे न केवल कागजी प्रक्रिया में कमी आई है, बल्कि मरीजों की पुरानी स्वास्थ्य जानकारी को सुरक्षित रखने और जरूरत पड़ने पर उसे देखने में भी सुविधा हो रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, जसीडीह सीएचसी में विभिन्न डिजिटल सुविधाओं का व्यवस्थित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अलग-अलग मॉड्यूल को आपस में जोड़कर काम किया जा रहा है, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली पहले की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित हुई है।

-------------------------

**डिजिटल रिकॉर्ड से डॉक्टरों को भी मिल रही सुविधा**

जसीडीह सीएचसी के प्रभारी डॉ. विश्वनाथ चौधरी ने बताया कि अस्पताल को डिजिटल बनाने का उद्देश्य केवल कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराना नहीं था, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रत्येक स्तर पर डिजिटल प्रणाली का प्रभावी इस्तेमाल सुनिश्चित करना था।

इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों का सहयोग भी लिया गया। वर्तमान में ओपीडी, लैब और फार्मेसी सहित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं डिजिटल माध्यम से संचालित हो रही हैं।

वहीं, डॉ. सिन्हा के अनुसार, जिन मरीजों का आभा रिकॉर्ड उपलब्ध है, उनकी पूर्व स्वास्थ्य जानकारी देखने में चिकित्सकों को काफी सहूलियत होती है। मरीज पहले किस बीमारी के लिए आया था, कौन-कौन सी जांच हुई थी और उपचार किस दिशा में चला था, इसकी जानकारी उपलब्ध होने से आगे के इलाज में मदद मिलती है।

-------------------------

**स्कैन एंड शेयर से आसान हुआ मरीजों का पंजीकरण**

अस्पताल में स्कैन एंड शेयर जैसी डिजिटल सुविधा का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, इस सुविधा का उपयोग 100 प्रतिशत तक दर्ज किया जा रहा है। इससे मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने में मदद मिल रही है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि जसीडीह सीएचसी की डिजिटल व्यवस्था विकसित करने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की गई।

कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने से लेकर विभिन्न डिजिटल मॉड्यूल पर काम करने और तकनीकी अड़चनों को दूर करने तक लगातार प्रयास किए गए। अब डिजिटल सिस्टम अस्पताल की रोजमर्रा की स्वास्थ्य सेवाओं का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इससे जसीडीह सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक उदाहरण के रूप में उभर रहा है।

## खेलो झारखंड में दम दिखाएंगे स्कूली खिलाड़ी

**देवघर।** स्कूली बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर मंच देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 15 से 18 सितंबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं हिस्सा लेंगे। इसमें एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल और कबड्डी को शामिल किया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना, देवघर की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 सितंबर को एथलेटिक्स प्रतियोगिता केकेएन स्टेडियम में होगी। 16 सितंबर को खो-खो और वॉलीबॉल के मुकाबले सीएम सीनियर मीरा प्लस टू स्कूल में होंगे। 18 सितंबर को फुटबॉल प्रतियोगिता केकेएन स्टेडियम और कबड्डी प्रतियोगिता सीएम सीनियर मीरा प्लस टू स्कूल में आयोजित की जाएगी।

## झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका में गढ़वा व बालक में बोकारो बना चैंपियन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** साहिबगंज- साहिबगंज जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर स्थित सकरीगली रेलवे मैदान में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की स्वीकृति व मार्गदर्शन एवं जिला कबड्डी एसोसिएशन सह आयोजन समिति के तत्वावधान में 12-14 सितंबर तक चले 20वीं झारखंड राज्य जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता-2026 सोमवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया. अंतिम दिन बालक व बालिका वर्ग के क्वॉर्टरफाइनल के कई मैच एवं सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले हुए.पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संथाल परगना क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकाश पांडेय, कुश्ती संघ अध्यक्ष नमिता शर्मा व अन्य ने शिकरत की. जहां अंग वस्त्र व मोमेंटों देकर अतिथियों का स्वागत किया गया. इधर प्रतियोगिता के फाइनल में बालिका वर्ग के कड़े मुकाबले में गढ़वा ने 40 अंक हासिल करते हुए व साहिबगंज को 01 अंक से हरा कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. साहिबगंज ने 39 अंक प्राप्त किया. जबकि बालक वर्ग में बोकारो ने कोडरमा को 47-33 अंक से हरा कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा. इधर अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया. इस अवसर पर आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत कुमार सोनू, सचिव लालू यादव, संरक्षक गोपाल यादव, हीरा यादव व अन्य थे. मंच संचालन भगवती रंजन पांडेय ने किया. ज्ञात हो कि प्रतियोगिता में राज्य के 22 जिलों की बालक एवं 18 जिलों की बालिका टीम ने हिस्सा लिया था.

## बरहेट में पीएम आवास की लाभार्थी सूची पंचायत भवनों में चस्पा, 30 तक मौका

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 के आवास प्लस 2.0 सर्वे-2024 के आधार पर ग्राम सभा से अनुमोदित स्वीकृत एवं अस्वीकृत लाभार्थियों की सूची संबंधित पंचायत भवनों में सार्वजनिक कर दी गई है. प्रखंड प्रशासन ने आम सूचना जारी कर लाभार्थियों से सूची में अपना नाम और स्थिति जांचने की अपील की है. सूची में शामिल स्वीकृत एवं अस्वीकृत लाभार्थी 12 से 30 सितंबर 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. दावा-आपत्ति के लिए संबंधित लाभार्थियों को प्रखंड कार्यालय की आवास शाखा स्थित आवास कंट्रोल रूम में कार्यालय अवधि के दौरान लिखित आवेदन जमा करना होगा.प्रशासन ने बताया कि निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद कोई दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी. इसलिए लाभार्थियों समय रहते सूची की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की गई है.

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी



बरहरवा - गणेश चतुर्थी का पर्व सोमवार को बरहरवा नगर सहित प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया. इस अवसर पर जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई. सुबह से ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी.गणेश चतुर्थी को लेकर नगर एवं ग्रामीण इलाकों में आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए थे. पूजा समितियों की ओर से पंडालों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया. श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को लड्डू, मोदक, फल-फूल एवं विभिन्न प्रकार के नैवेद्य अर्पित कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली की कामना की.पूजा-अर्चना के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा. कई पूजा स्थलों पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया. बच्चों, युवाओं और महिलाओं में गणेश पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया.नगर के अलावा प्रखंड के विभिन्न गांवों में भी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक गणेश चतुर्थी मनाई। पूजा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई.पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा और देर शाम तक पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा. पर लोगों ने भगवान गणेश से विघ्न-बाधाओं को दूर करने और क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की.

## रेलवे के निजीकरण के खिलाफ तेज होगा आंदोलन

### चिरेका कर्मचारियों की मांगें राष्ट्रीय मंच पर उठीं

चित्तरंजन। नई दिल्ली में 11 एवं 12 सितंबर को आयोजित एनएफआईआर की 244वीं राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में चित्तरंजन रेलवेमेंस कांग्रेस (छ्रऋस्ष्ट) ने रेलवे कर्मचारियों से जुड़े कई लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सीआरएमसी के महासचिव एवं एनएफआईआर के जोनल सचिव ने कर्मचारियों के हित में देशव्यापी आंदोलन तेज करने तथा जरूरत पड़ने पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देने की मांग रखी।बैठक में रेलवे के निजीकरण व आउटसोर्सिंग पर रोक, रिक्त पदों पर नियुक्ति, स्वीकृत पदों को सरेंडर नहीं करने, पुरानी पेंशन योजना (ह्रक्क्र) बहाल करने और आठवें केंद्रीय वेतन आयोग को जल्द लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा 18 माह के लंबित डीए/डीआर एरियर का भुगतान, कैडर रिस्ट्रक्चरिंग और पदोन्नति लाभ देने पर जोर दिया गया।सीआरएमसी ने चिरेका को कमजोर होने से बचाने, बंद स्टील फाउंड्री एवं उसकी आधारभूत संरचना के उचित उपयोग, कर्मचारियों को उचित इंसेंटिव व 30 प्रतिशत एचआरए तथा खाली क्वार्टरों के पारदर्शी उपयोग की मांग भी उठाई।

## बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच किया राहत सामग्री का वितरण

उधवा - प्रखंड क्षेत्र के श्रीधर दियारा पंचायत के साहेब टोला सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों में सोमवार को मुखिया तमाल मंडल ने पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया. जानकारी के अनुसार मुखिया तमाल मंडल ने श्रीधर दियारा पंचायत के साहेब टोला,10 नंबर कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया. राहत सामग्री में चूड़ा,गुड़,तिरपाल मोमबत्ती,सलाई आदि सामान का वितरण किया.मौके पर मुखिया तमाल मंडल ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में दर्जनों पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया है. उन्होंने कहा कि आगे भी हरसंभव मदद किया जाएगा. मौके पर दर्जनों पीड़ित परिवार के, सदस्य सहित अन्य मौजूद थे.

## मुरली पहाड़ मैदान में करम महोत्सव का भव्य आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

तीनपहाड़- मुरली पहाड़ मैदान में सोमवार को करम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. जिसमे जिसमें कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल अहोदर और विशिष्ठ अतिथि राजेश महतो,कृष्णा महतो ,प्रेमलाल मंडल उपस्थित थे. जिसे कमेटी द्वारा बुके दे कर और अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया. इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि पूरे राज्य में करमा महोत्सव मनाया जा रहा है. आज कुर्मी समाज को एक जुट हो कर इस पर्व मनाने की जरूरत है.यह महोत्सव कुर्मी समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और लोक विरासत को समर्पित है. इस महोत्सव में बड़ी संख्या में कुरमी समाज के लोगों ने भाग लिया. जिससे पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में रंग गया करम महोत्सव के दौरान लोगो द्वारा करमा नृत्य पारंपरिक नृत्य और झूमर पर लोग खूब नृत्य किया. वही महिलाओं पुरूषों और युवाओं ने पारंपरिक परिधान में करम गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया जो आकर्षक रहा इस कर्यक्रम का आयोजक अध्यक्ष ओमप्रकाश महतो, सचिन अर्जुन महतो कोषाध्यक्ष आनंद महतो संचालन जगदेव महतोअर्जुन महतो, राजेन्द्र पहाड़िया सहित अन्य लोग उपस्थित थे .

## अवैध लॉटरी का कारोबार-गणेश पूजा को लेकर फिर मार्केट में आया अवैध लॉटरी का नया लुभावना ऑफर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज जिले के लोगों की जेब से उनकी गाढ़ी कमाई लूटने वाले अवैध लॉटरी के माफिया ने एक बार फिर साहिबगंज जिले के लोगों को लुटने के लिए लालच का नया जाल फेंका है. पर्व-त्योहारों के मौसम में सोमवार को गणेशोत्सव के अवसर पर प्रथम प्राइज लगने पर विजेता,सेलर, स्टॉकिस्ट व सब-स्टॉकिस्ट के लिए अवैध लॉटरी की नई उपहार योजना लुभावना ऑफर के साथ मार्केट में लाई है. जो 14 सितम्बर से 27 सितंबर तक मान्य है. 7 रुपये मूल्य की इस लॉटरी की प्रथम प्राइज लगने पर तय प्रथम प्राइज की राशि के अलावे बेस्ट-7, बोनस-7 की ऑफर है. इसके तहत् विजेता को 25 हजार, सेलर को 25 हजार, स्टॉकिस्ट को 25 हजार व सब स्टॉकिस्ट को 12500 एवं 14 रुपये वाली टिकट पर विजेता को 50 हजार, सेलर को 50 हजार, स्टॉकिस्ट को 50 हजार व सब स्टॉकिस्ट को 25 हजार का ऑफर दिया गया है.ज्ञात हो कि रक्षाबंधन के अवसर पर भी लॉटरी माफियाओं ने गत माह के 17 अगस्त से 13 सितम्बर तक उपहार योजना चलाई थी.जिसमे 14 रुपये की लॉटरी पर माफिया ने उपहार व इंटेंसिव का लालच दिया. विजेता को एक लाख, सेलर को एक लाख, स्टॉकिस्ट को एक लाख, सब स्टॉकिस्ट को 50 हजार, 7 रुपये के टिकट पर विजेता को 50 हजार, सेलर को 50 हजार, स्टॉकिस्ट को 50 हजार व सब स्टॉकिस्ट को 25 हजार एवं 6 रुपये की लॉटरी पर विजेता को 50 हजार, सेलर को 50 हजार, स्टॉकिस्ट को 50 हजार व सब स्टॉकिस्ट को 25 हजार का आकषर्क ऑफर दिया गया था.

मजे की बात ये है कि इस ऑफर भरे ई पेपर पर नीचे आदेशानुसार हेड ऑफिस लिखा है. लेकिन इस हेड ऑफिस का कोई पता व संपर्क नंबर नहीं है. जिससे इस सिंडिकेट के साइकोलॉजिकल प्रभाव का पता चलता है. अवैध लॉटरी के इस धंधे को प्रशासन की नजर से बचाने के लिए हेड ऑफिस का पता और संपर्क नंबर नहीं दिया गया है. वहीं आदेशानुसार शब्द का इस्तेमाल कर स्टॉकिस्ट, सब स्टॉकिस्ट व सेलर को पूरी एक सिस्टम व उसकी व्यवस्था व वर्क लोड के बीच संबंध को इंगित कर रहा है.संथाल एक्सप्रेस अखबार जनहित में शहर व जिला की जनताओं से अपील करती है कि लोग ऐसे किसी भी लालच में फंस कर अपनी मेहनत की गढ़ी कमाई इस अवैध लॉटरी के खरीदने में बर्बाद ना करे.मेहनत कर कमाएं और अपने बाल-बच्चों का भविष्य बनाएं.

## पूजा पंडाल में पधारे बप्पा,गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से शहर हुआ भक्तिमय






**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - साहिबगंज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया. दहला गणेश पूजा समिति की ओर से चैती दुर्गा मंदिर में गणेश प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना किया गया. वही पुरोहित के अनुसार उगता तिथि के अनुसार शहर के कई गणेश पूजा समिति 15 सितंबर मंगलवार को गणेश पूजा करेगा. जिसमे सकरूगढ़ बड़ी गणेश पूजा समिति, पोखरिया गणेश पूजा समिति, केलाबाड़ी धनगढसी गणेश पूजा समिति, गुल्ली भट्टा पांच मोड़ गणेश पूजा समिति, जड्डू मोड गणेश पूजा समिति, सब्जी मंडी गणेश पूजा समिति, शहीद चौक बघवा कुआं समीप, कॉलेज रोड के एन क्लब समीप गणेश पूजा समिति सहित अन्य गणेश पूजा

## तीनपहाड़ में गणेशोत्सव की धूम



संताल एक्सप्रेस संवाददाता तीनपहाड़- गणेश पूजनोत्सव के अवसर पर सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, बाबुपाड़ा तीनपहाड़ के द्वारा सोमवार को सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गयी. पुरोहित राज किशोर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न करायी. उन्होंने भगवान गणेश की आराधना की और उन्हें लड्डू का भोग अर्पित किया. मंदिर परिसर के आसपास मेले का भी आयोजन किया गया. वही कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मंगलवार की संध्या समय बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता आयोजन किया गया है. बुधवार को मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी और अगले दिन को प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया जायेगा. इसी प्रकार छोटा हरचंदपुर मुरली में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया साथ ही सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, बभनगामा तथा पानी टंकी, हाथीगड़ के पास भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गयी.

## साहिबगंज पहुंची आईसीएमआर की टीम, सदर अस्पताल की निरीक्षण

साहिबगंज-2026 तक देश को कालाजार से मुक्त कराने के उद्देश्य से सोमवार को आईसीएमआर टीम साहिबगंज पहुंची. टीम में सेंट्रल, स्टेट व डब्लूएचओ के सदस्य शामिल थे.टीम को लीड कर रहीं डॉ मिताली चटर्जी ले साथ डॉ सूर्या ज्योति चौधरी, सुतापा राय, शिशिर कुंडू ने सदर अस्पताल का दौरा कर यहां पैथो लैब की स्थिति, कालाजार जांच प्रक्रिया व अन्य बिंदुओं का अवलोकन की. इस दौरान सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान भी मौजूद थे. टीम ने लैब से जुड़े कर्मियों को प्रशिक्षण दिया. सिविल सर्जन ने बताया कि कालाजार की डायग्नोसिस में कभी कभी कुछ विरोधाभास होता रहता है. टीम ने यहां पैथोलॉजी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया है. ताकि कोई भी केस मिस ना हो. प्रशिक्षण के बाद अब लेप्रोसी व केपीडीएल के केस को पृथक किया जा सकेगा.आईसीएमआर टीम लीड डॉ मिताली चटर्जी ने कहा कि कालाजार मुक्त भारत के तहत वर्कशॉप किया गया है. 3 वर्षों के संघर्ष के बाद 2026 में भारत कालाजार मुक्त हो जाएगा. यहां लैब में जांच की अच्छी व्यवस्था है. यहां का लैब देश के बड़े शहरों को छोड़ सबसे अच्छा है.

## बरहरवा में सिटीकार्ट मॉल का उद्घाटन

बरहरवा- गणेश चतुर्थी के अवसर पर साहिबगंज जिले के बरहरवा में सिटीकार्ट मॉल का उद्घाटन प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास एवं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया.उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने मॉल के संचालक एवं प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं. मॉल के शुभारंभ को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला.इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने कहा कि बरहरवा में सिटीकार्ट मॉल का खुलना क्षेत्रवासियों के लिए सुविधाजनक और लाभकारी है. अब लोगों को विभिन्न प्रकार के सामानों की खरीदारी के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा. स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक खरीदारी की सुविधा उपलब्ध हो गई है.उन्होंने कहा कि मॉल में विभिन्न प्रकार के सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं तथा ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कीमतों को किफायती रखने का प्रयास किया गया है.

## साहिबगंज के राजमहल उपकारा में हत्या कांड के आरोपी कैदी की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल-राजमहल उपकारा में सोमवार को एक कैदी की मौत हो गई. मृतक की पहचान राधानगर थाना क्षेत्र के साल्टी पोखर निवासी सुनील बास्की के रूप में हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार सुनील बास्की उम्र 35 वर्ष पिता नटवा बास्की अपने चाचा के हत्या के मामले में 14/7 2025 से जेल में बंद है. इस दौरान उपकारा अधीक्षक विमल सोरेन ने बताया कि दोपहर के भोजन के बाद सभी बंदी अपने-अपने बैरेक में आराम करने के लिए चले गए थे. और दोपहर के लगभग 2ः30 बजे पुनः सभी बंदी को जब बाहर निकाला जा रहा था. तो सुनील बास्की सोया हुआ था. जब उसे उठाने की प्रयास किया गया तो वह अचेत अवस्था में पाया गया. आनन फानन में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां मौके में मौजूद डॉक्टर उदय टुडू ने जांचों उपरांत मृत घोषित कर दिया. मृतक का पहले से ही मिर्गी का बीमारी था. जिसका इलाज भी चल रहा था. वही जेल प्रशासन के द्वारा मृतक बंदी के परिजनों को सूचना दिया गया है. इस संबंध में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने बताया कि शव को प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा जाएगा. जहां उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा. बताया जाता है कि मृतक कैदी 13 जुलाई 2025 को अपने ही चाचा सुलेमान बस्की 60 वर्ष पर डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल हो गया था. जिससे इलाज के क्रम में उसी दिन देर शाम सुलेमान बस्की की मौत हो गई थी. हत्यारोपी सुनील बास्की को राधानगर थाना पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर दूसरे दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था.

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशनकार्डधारियों के बीच सितंबर माह का खाद्यान्न वितरण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज सदर,बड़हरवा, तालझारी, उधवा एवं अन्य प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन कार्डधारी लाभुकों के बीच सितंबर माह के खाद्यान्न का वितरण कराया गया. जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रभावित परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित खाद्यान्न समय पर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं.संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि शेष सभी पात्र लाभुकों के बीच अविलंब एवं अधिकतम दो दिनों के अंदर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें. ताकि कोई भी पात्र लाभुक खाद्यान्न से वंचित न रहे.साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ऐसे परिवार अथवा व्यक्ति, जो पात्र होने के बावजूद किसी कारणवश अब तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर सके हैं अथवा जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है. उनकी पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है. संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि पात्र परिवारों/व्यक्तियों की सूची अविलंब प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि नियमानुसार उन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जा सके और आवश्यक खाद्य सुरक्षा लाभ प्रदान किया जा सके.जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाढ़ प्रभावित एवं पात्र परिवारों तक खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है.

## महिलाओं ने पति के लंबी उम्र के लिए की तीज की पुजा,



साहिबगंज - साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों ने सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के लम्बी उम्र के लिए हरियाली तीज मनाई. महिलाओं ने पति के अच्छे स्वास्थ्य व सुखी दांपत्य जीवन के लिए निर्जला व्रत रख भगवान शिव और माता गौरी की पूजा-अर्चना की. नगर के पुलिस लाइन शिव मंदिर सहित कई मंदिर व अपने अपने घरों में महिलाओं ने महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा अखंड सौभाग्य की कामना की.

## घीशु टोला, मकई टोला सहित प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के बीच खाद्य सामग्री वितरित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को पूरी तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ लगातार संचालित किया जा रहा है.इसी क्रम में अपर समाहर्ता विजय कुमार ने अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू एवं एनडीआरएफ दल के साथ विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया.इस दौरान घीशु टोला, मकई टोला सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर बाढ़ की स्थिति, प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं तथा राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लिया.निरीक्षण के क्रम में बाढ़ प्रभावित एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण कर उन्हें तत्काल राहत उपलब्ध कराई गई. प्रशासनिक टीम द्वारा प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली गई.अपर समाहर्ता विजय कुमार ने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री एवं आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए. उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने, जरूरतमंद लोगों की त्वरित सहायता करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया.

## मंडरो में गणेशोत्सव की धूम



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मंडरो- प्रखंड क्षेत्र के मंडरो,भगैया एवं मिर्जाचौकी बाजार एवं उत्तरी महादेववरण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी की विधिवत पूजा पूजा अर्चना मंत्रोच्चार के साथ किया गया. आचार्य कृष्णा जी महाराज ने बताया कि भादो मास के तीज एवं चतुर्थी व्रत एक दिन में मुहूर्त के आधार पर निर्धारित किया गया है. सोमवार सुबह में तीज व्रत धारण कर महिलाएं कथा श्रवण किया. वहीं नौ बजे से चतुर्थी मुहूर्त प्रारंभ हो जाता है. किसी भी शुभ कार्य करने के पहले एवं सभी देवताओं की पूजा करने से पहले गणेश जी की पूजन विधि विधान से की जाती है.तब से सभी देवी-देवताओं की पूजन प्रारंभ किया जाता है. वेदों में वर्णित है.कि प्रारंभ में गणेश भगवान की पूजा किया गया है. वहीं मिर्जाचौकी हाट परिसर में चार दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव सह मेला आयोजित किया गया है. जिसमें प्रथम दिन गणेश जी पूजन एवं मेला प्रेमियों की भारी संख्या भीड़ उमड़ पड़ी है.मेला में दुकानदार अपनी जगह पर जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए तारामची, ब्रेक डांस, मौत का कुआं एवं नौका झूला लगाया है. वही महिलाओं के लिए कई श्रृंगार का दुकान लगाई गई है. जबकि मिठाई चाट मसाला एवं खिलौना के भी कई दुकान लगे हैं. पूजा समिति एवं थाना प्रभारी रुपेश कुमार पुलिस बल के साथ मेला का निरीक्षण किया. सभी जगह पुलिस बल तैनात है.कि आने जाने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो. मौके पर अध्यक्ष

# दुमका सेंट्रल जेल में न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने किया द होप बैंड का उद्घाटन, बंदियों का जाना हाल



**संवाददाता**

**दुमका ।** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने सोमवार को दुमका के केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला बंदियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य और कुशल-क्षेम की जानकारी ली। न्यायमूर्ति ने उनकी व्यक्तिगत समस्याओं और न्यायिक मामलों की स्थिति, विशेषकर अपील दायर होने के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों से भी काफी आत्मीयता से बातचीत की और उनके बीच टॉफी व बिस्कुट बांटे।

इसके बाद उन्होंने जेल के अस्पताल और किचन का भी मुआयना किया, जहां उन्होंने बंदियों को दी जा रही चिकित्सा और भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। पुरुष बंदी वार्ड का भ्रमण करते हुए उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं, स्वास्थ्य, विधिक सहायता और अन्य जरूरी सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानी।

निरीक्षण के दौरान सबसे खास पल तब आया जब न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने बंदियों द्वारा तैयार किए गए संगीत समूह 'द होप बैंड' का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद पुरुष बंदियों ने बेहतरीन संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। न्यायमूर्ति ने बंदियों की इस रचनात्मक और सकारात्मक पहल की जमकर सराहना की।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त अभिजीत सिन्हा, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, जेल अधीक्षक जीतेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार, प्रोबेशन अधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी और कारापाल सहित कई अन्य जेल कर्मी मौजूद थे।


## दुमका संप्रेक्षण गृह में न्यायमूर्ति ने किया निरीक्षण




**दुमका।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने सोमवार को दुमका के हिजला स्थित संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां रह रहे किशोरों ने संथाल परगना की समृद्ध परंपरा के अनुसार उनका भव्य स्वागत किया। लोटा पानी और ढोल-नगाड़े की थाप पर मनमोहक संथाली नृत्य प्रस्तुत कर किशोरों ने अतिथि का मन मोह लिया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने संप्रेक्षण गृह की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय, पुस्तकालय, किशोरों के रहने वाले कमरे, व्यावसायिक कक्ष, भोजनालय, शौचालय, खेल का मैदान, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को परखा। व्यवस्थाओं को देखने के बाद उन्होंने संथाल परगना प्रमंडल के उपनिदेशक सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अनिल टुडू को स्पष्ट निर्देश दिया कि झालसा द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया और मार्गदर्शिका का पूरी सख्ती के साथ पालन सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान उन्होंने संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने किशोरों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जाने-अनजाने में हुई गलतियों से सीख लेकर जीवन में एक नई शुरुआत (फ्रेश स्टार्टअप) करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई करने, कौशल प्रशिक्षण हासिल कर हुनरमंद बनने और समाज का एक अच्छा नागरिक बनने की अपील की। इस अवसर को खास बनाते हुए उन्होंने बच्चों के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके साथ केक काटा। साथ ही उन्हें कॉपी, कलम, बिस्किट और चॉकलेट भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। संप्रेक्षण गृह में किशोरों को मिल रही सुविधाओं पर उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। इस निरीक्षण के मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाश झा, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान दंडाधिकारी नेहा झा, दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा, पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार, अनुमंडल पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य सुबीर कुमार भट्टाचार्य और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# गूंजे बप्पा के जयकारे : तीन प्रमुख पंडालों में दिखा भगवान गणेश का अलग-अलग रूप





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** शहर सोमवार सुबह से ही पूरी तरह से गणपति मय हो गया है। चारों तरफ शंख-घंटियों की गूंज, अगरबत्तियों की महक और गणपति बप्पा मोरया के नारों से उपराजधानी में गणेशोत्सव की भव्य छटा देखने को मिल रही है। इस बार शहर के तीन प्रमुख पूजा पंडाल, पोखरा चौक, रसिकपुर और बाउरी पाड़ा, अपनी अलग-अलग थीम की वजह्ह से श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं।

पोखरा चौक में श्री श्री 108 सार्वजनिक गणेश पूजा समिति ने इस साल वीर रस की थीम पर कुछ अलग करने का प्रयास किया है। यहां भगवान गणेश का दस भुजाओं वाला रौद्र रूप स्थापित किया गया है, जिसमें वे हाथों में त्रिशूल, गदा और खड्ग लेकर असुरों का संहार करते नजर आ रहे हैं। मूर्ति के पीछे कैलाश पर शिव-पार्वती की झांकी और चरणों में मूषकराज इस पूरी कहानी को जीवंत कर रहे हैं।

इसके ठीक उलट, रसिकपुर रेलवे स्टेशन रोड पर शांति और भक्ति का संगम देखने को मिल रहा है, जहां राजसी ठाठ थीम सजाई गई है। नक्काशीदार सिंहासन पर पीतांबरी और रत्नजड़ित मुकुट पहने बप्पा का बेहद सौम्य रूप विराजमान है। एक हाथ में गदा और दूसरे से आशीर्वाद देते गणपति का यह दरबार पीले-नारंगी पर्दों और फूलों से सजाया गया है, जहां पहुंचते ही सुकून मिलता है।

वहीं, नेशनल स्कूल के पीछे बाउरी पाड़ा में शिव परिवार के साथ धनुर्धारी गणेश की अनोखी तैयारी की गई है। यहां गणपति धनुष-बाण और त्रिशूल धारण किए एक वीर योद्धा के रूप में खड़े हैं और उनके आगे शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूरे शिव परिवार के एक साथ दर्शन का अवसर दिया गया है। आयोजकों के अनुसार, शाम ढलते ही तीनों जगह आकर्षक लाइटिंग और मेला पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। बच्चों के झूले और खान-पान के स्टॉल इस उत्सव में चार चांद लगा रहे हैं।

## चिमूर में आदिवासी राष्ट्रीय महासम्मेलन पांच नए संगठनों के गठन का प्रस्ताव पारित



**चिमूर (दुमका)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चिमूर में आदिवासी राष्ट्रीय महासम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और झारखंड समेत कई राज्यों के लगभग एक हजार प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, 'दरबार' के संस्थापक सह चेयरमैन सूर्य सिंह बेसरा ने सभा को संबोधित करते हुए विश्वनाथ वाकड़े को आदिवासी धर्मगुरु घोषित किया। सम्मेलन के दौरान आदिवासियों की विविधता में एकता और राष्ट्रीय पुनर्जागरण के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण संगठनों को बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इन संगठनों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनों का समन्वय, कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल आदिवासी पॉलिटिकल पार्टीज, नेशनल ट्राइबल यूथ एंड स्टूडेंट्स फेडरेशन, नेशनल ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल और नेशनल ट्राइबल विमेंस ऑर्गेनाइजेशन शामिल हैं। इन पारित प्रस्तावों के प्रारूप और सांगठनिक स्वरूप को अंतिम रूप देने के लिए आगामी दिसंबर महीने में दिल्ली में एक विशाल राष्ट्रीय आदिवासी अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस दिल्ली अधिवेशन के सफल संचालन के लिए देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से संयोजक मंडली का मनोनयन किया जाएगा। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति के अलावा देश के 47 आदिवासी सांसदों, 400 से अधिक विधायकों, सभी आदिवासी पद्मश्री व पद्मभूषण विजेताओं, मंत्रियों, आदिवासी आईएएस, आईपीएस अधिकारियों, शिक्षाविदों, कानूनविदों, पत्रकारों और साहित्यकारों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही संपूर्ण भारत में निवास करने वाले 20 करोड़ आदिवासियों की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले 800 आदिवासी समुदायों के जाति विशेष प्रतिनिधियों को भी इस मंच पर एक साथ लाने की योजना है।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल

**गोपीकांदर।** गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाईवे पर गोपीकांदर थाना गेट के सामने सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद समीम खान (48 वर्ष), अपनी पत्नी तपीना अंजू (37 वर्ष) और 12 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अरसलाम के साथ बाइक पर सवार होकर पाकुड़ स्थित अपने ससुराल तोड़ाय से वापस अपने घर दुमका लौट रहे थे। इसी दौरान जैसे ही उनकी बाइक गोपीकांदर थाना गेट के सामने पहुंची, वहां सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर के पास अचानक असंतुलित हो गई। बाइक अनियंत्रित होने के कारण तीनों सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और उनकी मदद से तीनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## महिला ने मयूराक्षी नदी में लगाई छलांग



**दुमका (मसलिया)।** दुमका मयूराक्षी नदी पर स्थित प्रसिद्ध सेल्फी ब्रिज से एक महिला द्वारा नदी में छलांग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गनीमत रही कि नदी में मौजूद स्थानीय मछुआरों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को डूबने से बचा लिया। मछुआरों के साहसिक प्रयास की आसपास के लोगों ने सराहना की। मिली जानकारी के अनुसार महिला की पहचान जामा थाना क्षेत्र के चिकनिया पंचायत अंतर्गत भैरवपुर गांव निवासी रागिनी भंडारी उम्र 30 साल पति महेश भंडारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला गर्भवती है। घटना के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। महिला के पति महेश भंडारी ने बताया कि रविवार को उनकी पत्नी बाइक से गिरकर घायल हो गई थी। इसके बाद वह और महिला के पिता उसे इलाज के लिए चिकित्सक के पास लेकर आए थे। इसी दौरान महिला वहां से निकलकर मयूराक्षी नदी स्थित सेल्फी ब्रिज पहुंच गई। बाद में उसने ब्रिज से नदी में छलांग लगा दी।

## गणेश पूजा : 251 कन्याओं ने उठाया कलश



**मसलिया।** मसलिया के आस्ताजोड़ा (बीचकोड़ा) गांव में आयोजित दो दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को 251 कन्याओं के भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।यह गणेश पूजा युवा समिति के द्वारा आयोजित किया गया है। गणेश पूजा को लेकर सुबह पूजा पंडाल से कलश यात्रा प्रारंभ हुई,जो बाबा दुबे मंदिर परिसर स्थित तालाब पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 251 साध्वी व कुंवारी कन्याओं ने कलशों में जल भरा। इसके बाद सभी कन्याओं ने कलश को माथे पर धारण कर बाबा दुबे मंदिर की परिक्रमा की। वहां से यात्रा सीमावर्ती जिला देवघर के चांदनी चौक, बरमसिया, काप्सियो, बीचकोड़ा होते हुए आस्ताजोड़ा तक करीब पांच किलोमीटर नंगे पांव तय किया।

## बिना जनसुनवाई खनन से नाराज आदिवासियों ने कोयला वाहनों का किया चक्का जाम



**संवाददाता**

**गोपीकांदर।** प्रखंड के ओडमो जंगल टोला में सोमवार को आदिवासी मूलवासी प्रभावित संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। अपने हकों की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने सिलंगी-दुर्गापुर और मधुबन सड़क पर चलने वाली कोयला कंपनी की गाड़ियों का अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया है। समिति के अध्यक्ष सैमुअल मुर्मू के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन की खास बात यह है कि इसमें केवल कोयला कंपनी के भारी वाहनों को ही रोका गया है, जबकि आम जनता और अन्य यात्री वाहनों को जाम से पूरी तरह मुक्त रखा गया है ताकि किसी को परेशानी न हो।

ग्रामीणों का साफ कहना है कि उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर अंचल, थाना और जिले के वरीय अधिकारियों को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन प्रशासन ने उनकी गुहार को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। मजबूरी में आकर उन्हें अपने हक के लिए सड़क पर उतरना पड़ा।

समिति के अध्यक्ष सैमुअल मुर्मू और सदस्य मदन राय ने अपनी तीन प्रमुख मांगें सामने रखी हैं। उनका कहना है कि नियमानुसार माइनिंग शुरू होने से पहले प्रभावित गांवों में वास्तविक जनसुनवाई होनी चाहिए थी, जो नहीं हुई। आरोप है कि कंपनी ने बिना स्थानीय लोगों की सहमति लिए किसी अन्य दूरस्थ इलाके में कागजी खानापूर्ति कर चुपचाप माइनिंग का काम शुरू कर दिया है।

तीसरी और सबसे अहम चिंता यह है कि ओडमो पंचायत के लोग इस खनन कार्य से सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। इससे उनके पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि, पीने के पानी और जमीनों पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

## प्रेम प्रसंग का खूनी अंत

## जंगल में मिला प्रेमिका का कंकाल प्रेमी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**संवाददाता**

**गोपीकांदर ।** दुमका जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र में एक प्रेम प्रसंग का बेहद खौफनाक अंत सामने आया है। पुलिस ने गोगाजोड़ गांव की एक युवती की हत्या के आरोप में उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सोमवार को केंद्रीय कारा दुमका भेज दिया है। गिरफ्तार हत्यारोपी की पहचान पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कसयाडांगल गांव निवासी 35 वर्षीय पौलुस टुडू के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी पौलुस टुडू ने गोगाजोड़ गांव निवासी बबली मुर्मू को बीते 9 अगस्त को फोन करके गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर जंगल में बुलाया था। वहां दोनों के बीच हुए विवाद के बाद आरोपी ने बबली पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी और शव को जंगल में ही छोड़कर भाग निकला।

घटना के एक महीने बाद, 13 सितंबर रविवार को गोपीकांदर पुलिस ने गोगाजोड़ के जंगल से युवती का कंकाल बरामद किया। मृतका के भाई संदीप मुर्मू ने मौके पर मिले कपड़ों और चप्पलों के आधार पर अपनी बहन बबली मुर्मू की पहचान की।

हत्याकांड का खुलासा होते ही गोपीकांदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। महेशपुर थाना पुलिस के सहयोग से रविवार की शाम को आरोपी के गांव कसयाडांगल में छापेमारी की गई, जहां आरोपी पौलुस टुडू को उसके घर से ही दबोच लिया गया। सोमवार को सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसे दुमका जेल भेज दिया गया।

गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई कि हत्या की मुख्य वजह प्रेम प्रसंग में आई दरार थी। पौलुस और बबली दोनों बिना शादी किए पारंपरिक तरीके से लिव-इन में साथ रह रहे थे और कुछ समय पहले कमाने के लिए दूसरे राज्य भी गए थे। वहां से लौटने के बाद दोनों में विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद बबली अपने घर गोगाजोड़ लौट आई थी।

## एमएमडीआर कानून के विरोध में झामुमो का 19 सितंबर को प्रखंडों में होगा धरना



**दुमका ।** शहर के खिजुरिया स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य जिला कार्यालय में सोमवार को पार्टी ने अपने तेवर कड़े करते हुए आगामी जन-आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी और शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन विशेष रूप से शामिल हुए। इस अहम बैठक में संगठन की धार तेज करने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की ठोस रणनीति तैयार की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एमएमडीआर कानून को पूरी तरह से जनविरोधी करार देते हुए इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया गया। तय रणनीति के तहत आगामी 19 सितंबर को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर झामुमो कार्यकर्ता एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। पार्टी नेताओं ने हुंकार भरते हुए स्पष्ट किया कि केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ झामुमो सड़क से लेकर सदन तक अपना कड़ा संघर्ष जारी रखेगा। इस विशाल धरने को ऐतिहासिक और प्रभावी बनाने के लिए प्रखंडवार रूपरेखा भी तय कर ली गई है। इनमें मुख्य रूप से जिला सचिव निशित वरण गोलदार, प्रवक्ता अब्दुश सलाम अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया, महिला मोर्चा की जिला सचिव सबिता टुडू, जिला उपाध्यक्ष भैरव दत्ता, केंद्रीय समिति सदस्य कादिर राजा, सत्तार खान, शिवलाल मरांडी और राजेश कुमार सिंह शामिल थे। इनके अलावा जिला संगठन सचिव रवि यादव, नगर अध्यक्ष विजय दास, नगर सचिव मो. आरिफ, नगर कोषाध्यक्ष दीपक केवट समेत दुमका, मसलिया, रामगढ़, जामा, शिकारीपाड़ा, काठीकुंड, रानीश्वर, सरैयाहाट और गोपीकांदर प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव और बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ उपस्थित रहे।

## सरुआ गांव में गणेश पूजा की धूम, बिहार और बंगाल के कलाकारों ने बांधा समां



**दुमका।** शहर से सटे सरुआ गांव में इस वर्ष श्री श्री 108 गणेश पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव को भव्य रूप देने में गणेश पूजा कमेटी के अध्यक्ष बबलू मंडल और उनके सभी सहयोगियों ने दिन-रात एक कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पूरा कार्यक्रम बेहद सफल रहा। कार्यक्रम की मुख्य शाम बिहार और बंगाल से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों के नाम रही। भक्ति जागरण कार्यक्रम में बिहार के जाने-माने गायक हजारी पांडे और उनके साथी कलाकारों ने भगवान गणेश के भजनों की ऐसी अमृत वर्षा की कि पूरा पंडाल %गणपति बप्पा मोरिया% के जयकारों से गूंज उठा। इस पूरे भव्य आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में पूजा कमेटी के सक्रिय सदस्य निवास, सोनू, अमन, संजय, गोलू, रुपेश, हर्षित, राघव, शेखर, दिनेश, जनार्दन और प्रीतम सहित गांव के सभी नवयुवक कार्यकर्ताओं का भरपूर और सराहनीय सहयोग रहा।

## गणेश पूजा और तीज पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**गोपीकांदर।** प्रखंड मुख्यालय गोपीकांदर और खरौनी बाजार में सोमवार को गणेश पूजा महोत्सव और तीज पर्व बेहद श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दोहरे त्योहार के कारण पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा। खरौनी बाजार में पंडित प्रभाकर मिश्रा और गोपीकांदर में राधेश्याम पंडित के सानिध्य में विधिवत मंत्रोच्चार के बीच विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, जहां बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने बप्पा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारू व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। शाम के समय पूजा पंडालों में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया।

## शिकारीपाड़ा कॉलेज में फिर बहाल हुआ होम सेंटर

**दुमका (शिकारीपाड़ा)।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय विधायक आलोक कुमार सोरेन के प्रयास से शिकारीपाड़ा महाविद्यालय में एक बार फिर होम सेंटर बहाल कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के इस फैसले से अब क्षेत्र के विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए दूर-दराज के केंद्रों तक जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। होम सेंटर हटाए जाने के बाद विद्यार्थियों को दूसरे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में अतिरिक्त समय और खर्च करना पड़ रहा था। खासकर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह बड़ी समस्या बन गई थी। विद्यार्थियों और अभिभावकों की इस परेशानी को विधायक आलोक कुमार सोरेन ने गंभीरता से लेते हुए सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कुलपति को पत्र लिखकर शिकारीपाड़ा महाविद्यालय में पुनः परीक्षा केंद्र बहाल करने की मांग की थी।

# एएन कॉलेज जीबी में डॉ. लुईस मरांडी की एंट्री

## सांसद नलिन सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षाविद सदस्य चुनी गईं



**विशेष संवाददाता**


**दुमका ।** एएन कॉलेज दुमका के शासी निकाय (जीबी) में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी की एंट्री हुई है। सांसद नलिन सोरेन की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई शासी निकाय की बैठक में डॉ. लुईस मरांडी को सर्वसम्मति से शिक्षाविद सदस्य चुना गया। नई जीबी में उनके चयन को कॉलेज की गतिविधियों और शासी निकाय के स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।शासी निकाय की पिछली कमेटी में डॉ. अंजुला मुर्मू शिक्षाविद सदस्य थीं। नई कमेटी में उनके स्थान पर डॉ. लुईस मरांडी के चयन के बाद कॉलेज के शिक्षकों में हर्ष है।

बैठक में दुमका एसडीओ कौशल कुमार, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. संतोष कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. सुलेमान हांसदा और प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह मौजूद थे।

डॉ. लुईस मरांडी का एएन कॉलेज से पुराना जुड़ाव रहा है। वह पूर्व में दुमका विधायक रहते हुए कॉलेज के शासी निकाय की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रहे दिनेश दत्ता को एएन कॉलेज जीबी में शिक्षाविद सदस्य चुना गया था। दिनेश दत्ता बाद में शासी निकाय के सचिव भी रहे।

डॉ. लुईस मरांडी के दोबारा शासी निकाय से जुड़ने को कॉलेज के लिहाज से अहम माना जा रहा है। उनके पूर्व अनुभव के कारण कॉलेज के प्रशासनिक और शैक्षणिक मामलों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी,जिस पर कॉलेज शिक्षकों और शहर के अन्य बुद्धिजीवियों की नजर टिकी हुई है।

# धूमधाम से मना हिंदी दिवस, अधिकारियों ने दिया दैनिक जीवन और सरकारी कामकाज में मातृभाषा को अपनाने का संदेश




**संवाददाता**

**दुमका ।** आयुक्त कार्यालय सभागार में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर हिंदी को केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम बताया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने याद दिलाया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकारी फाइलों, पत्राचार और सूचनाओं में सरल और आम जन को समझ में आने वाली हिंदी का प्रयोग होना चाहिए। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और आम नागरिक सरकारी प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकेंगे। उन्होंने ई-ऑफिस और सोशल मीडिया जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी हिंदी को बढ़ावा देने तथा नई पीढ़ी को तकनीकी क्षेत्र में इससे जोड़ने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक ने भाषा के मूल उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि भाषा संवाद का माध्यम है, इसलिए किसी भी भाषा के लिए विवाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोगों से स्थानीय भाषाओं को सीखने और मूक-बधिर बच्चों की भावनाओं को समझने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया के दौर में युवाओं को केवल इंटरनेट तक सीमित न रहने, बल्कि गंभीर अध्ययन और हिंदी साहित्य की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालने की सलाह दी।

इस अवसर पर डॉ. खिरोधर प्रसाद, डॉ. चतुर्भुज नारायण मिश्र, डॉ. विनय कुमार, डॉ. प्रमोदिनी हांसदा, अमरेंद्र सुमन, अरुण कुमार सिन्हा, डॉ. मनोज कुमार घोष, अशोक सिंह, डॉ. यदुवंश प्रणय, अंजनी शरण और सौरव सिन्हा समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686